प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 327 | गुरुवार 20 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रूपया

## नितीश बनेगें बिहार के सीएम, पटना के गांधी मैदान में होगा शपथ ग्रहण समारोह, डायवर्जन लागू




पटना19 नवम्बर (एजेंसी) बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में गुरुवार को होने वाले मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर प्रशासन ने व्यापक ट्रैफिक प्लान जारी किया है। भीड़– भाड़ और सुरक्षा को देखते हुए गुरुवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक कई प्रमुख मार्गों पर सामान्य वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। केवल अग्निशमन, एम्बुलेंस, मरीज परिवहन और शव वाहन को छूट दी गई है। गांधी मैदान को कार्यक्रम स्थल के रूप में पूरी तरह सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके लिये भट्टाचार्या चौक से उत्तर गांधी मैदान की ओर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। डाकबंगला चौराहे से आने वाले वाहन न्यू डाकबंगला और भट्टाचार्या मोड़ होते हुए राजेंद्र पथ की ओर डायवर्ट किये जायेंगे। न्यू डाकबंगला से एसपी वर्मा रोड में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस लाइन तिराहा, रामगुलाम चौक, जेपी गोलंबर और चिल्ड्रेन पार्क के आसपास भी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। गांधी मैदान के अंदर और बाहर सभी प्रकार के वाहन, ठेला, खोमचा और पार्किंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने बताया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में जेपी गोलंबर से चिल्ड्रेन पार्क के बीच का मार्ग पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है। इसी रूट से तारा अस्पताल, पीएमसीएच और अन्य नजदीकी अस्पतालों तक एम्बुलेंस पहुंच सकेगी। पार्किंग और सड़क उपयोग की विशेष व्यवस्था की गयी है। इसके तहत जेपी गोलंबर से डाकबंगला चौक और डाकबंगला चौक से पटना जंक्शन गोलंबर तक सड़क किनारे किसी भी तरह की पार्किंग वर्जित रहेगी। बुद्धमार्ग, छज्जूबाग टीएन बनर्जी पथ, एक्जीबिशन रोड, जिलाधिकारी आवास से पुलिस लाइन तिराहा और ठाकुरबाड़ीध् बाकरगंज मोड़ से गांधी मैदान तक सभी जगह पार्किंग निषिद्ध रहेगी। कार्यक्रम में आने वाली बसों की पार्किंग जेपी गंगा पथ पर आयुक्त कार्यालय गोलंबर से कंगन घाट की ओर निर्धारित की गई है। एयरपोर्ट जाने वालों से जिला प्रशासन ने अनुरोध किया है कि वे राजा बाजार– डुमरा चौकी, टमटम पड़ाव– आमुकोड़ा मोड़, फुलवारी– खगौल मार्ग या अनिसाबाद मार्ग जैसे वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करें। धीमी गति वाले वाहनों को बेली रोड से गांधी मैदान की ओर आने पर आयकर गोलंबर से वीरचंद पटेल पथ में मोड़ दिया जाएगा। पटना जिला प्रशासन ने हॉस्पिटल का रूट भी तय किया है और आपातकालीन सेवाओं को सुगम बनाने के लिये अस्पतालों के रूट भी तय किये गये हैं। इसके तहत पीएमसीएच जाने के लिये गांधी मैदान गेट संख्या– 05 से चिल्ड्रेन पार्क, आयुक्त कार्यालय मोड़ होते हुए जेपी गंगा पथ के रास्ते जायेंगे। तारा अस्पताल जाने के लिये गेट संख्या– 04 से चिल्ड्रेन पार्क, एसबीआई के सामने, बिस्कोमान मोड़ होते हुए बैंक रोड जाने की व्यवस्था की गयी है। वहीं रूबन अस्पताल जाने के लिये गेट संख्या– 10, रामगुलाम चौक होते हुए एक्जीबिशन रोड के रास्ते का उपयोग करना होगा और एनएमसीएच जाने के लिये गेट संख्या– 10, रामगुलाम चौक होते हुए एक्जीबिशन रोड के रास्ते जाने की व्यवस्था की गयी है। गांधी मैदान के प्रत्येक बड़े गेट पर चिकित्सक दल, दवाएं और एम्बुलेंस की विशेष व्यवस्था की गई है। तारा हॉस्पिटल और रूबन हॉस्पिटल को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रवेश द्वारों की व्यवस्था के तहत आम जनता का प्रवेश गेट संख्या 05, 06, 07, 08, 09 और 10 से होगा। पासधारी वीआईपी बुद्धमार्ग होकर आयुक्त कार्यालय के सामने से गेट संख्या– 04 से समारोह स्थल तक जा सकते हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक भीड़ न करें और यातायात व्यवस्था में सहयोग दें ताकि कार्यक्रम को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

## ममता बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में बीएलओ की मौत के बाद निर्वाचन आयोग पर साधा निशाना

***ममता बनर्जी ने आयोग से विवेक से काम करने और इस अभियान को तत्काल निलंबित करने का अनुरोध किया है तथा चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान गति से एसआईआर का काम जारी रहा तो और मौतें हो सकती हैं।***



नई दिल्ली19 नवम्बर (एजेंसी)पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को जलपाईगुड़ी के माल क्षेत्र में एक बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने क्षेत्र के कर्मचारियों पर अमानवीय दबाव डाल दिया है जिसके कारण अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है।मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मृत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताबीएलओ के रूप में काम कर रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत निर्वाचन आयोग की एसआईआर की कवायद के असहनीय दबाव के चलते उसने आत्महत्या कर ली।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पर जारी बयान में 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गए कार्य की निंदा की और इसे अनियोजित, अथक कार्यभार की संज्ञा दी।ममता बनर्जी ने आयोग से विवेक से काम करने और इस अभियान को तत्काल निलंबित करने का अनुरोध किया है तथा चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान गति से एसआईआर का काम जारी रहा तो और मौतें हो सकती हैं।तृणमूल कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि लंबी ड्यूटी के घंटे, यात्रा संबंधी आवश्यकताओं और समय सीमा पूरी करने के दबाव के कारण कई बीएलओ का स्वास्थ्य खराब हो चुका है। मुख्यमंत्री के आरोपों पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

## एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर चिराग पासवान का बयान, कहा- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में भी होगा सफाया



नई दिल्ली19 नवम्बर (एजेंसी)केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बुधवार को कहा कि बिहार के अगले मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में एक भव्य आयोजन होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम में आगामी चुनावों में विपक्षी दलों का सफाया कर देगी। पासवान ने कहा कि एनडीए ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है और बिहार की जनता ने एनडीए में अपना पूरा विश्वास जताया है। यह जीत जितनी भव्य है, हमारा शपथ ग्रहण समारोह भी उतना ही भव्य होगा, जिसमें प्रधानमंत्री भी शामिल होंगे।गठबंधन पर भरोसा जताते हुए, पासवान ने कहा कि आगामी चुनावों में भी भाजपा को भारी जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना ध्है कि यह जीत जितनी बड़ी है, उतनी ही बड़ी हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने (महागठबंधन) वोट चोरी की बात करके बिहार में अपनी पार्टी को खत्म कर दिया और अब पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में भी उनका सफाया हो जाएगा। इस बीच, बुधवार को पटना स्थित उनके आवास पर हुई जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना गया।भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी को बिहार में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया, जबकि विजय सिन्हा उपनेता चुने गए। इसके बाद, नीतीश कुमार को बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेता चुना जाना है, जिसके बाद 20 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। एनडीए ने 2025 के बिहार चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, 243 में से 202 सीटें जीतीं, जबकि महागठबंधन केवल 35 सीटें ही हासिल कर सका।गठबंधन ने 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में तीन–चौथाई बहुमत हासिल किया, जो दूसरी बार है जब एनडीए ने राज्य चुनावों में 200 सीटों का आंकड़ा पार किया। 2010 में इसने 206 सीटें जीती थीं।

## रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में ईडी का एक्शन, लालू परिवार के करीबी को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली19 नवम्बर (एजेंसी)प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुग्राम में घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के करीबी माने जाने वाले रियल एस्टेट कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कात्याल को एजेंसी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया। गुरुग्राम की एक विशेष अदालत ने उसे छह दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। यह जांच गुरुग्राम के सेक्टर–70 में 14 एकड़ में बने 'क्रिश फ्लोरेंस एस्टेट' में फ्लैट्स को न सौंपने के आरोपों से संबंधित है। इस परियोजना का विकास कात्याल की कंपनी 'एंजल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा किया जा रहा था। कात्याल को ईडी ने 2023 में रेलवे के कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले से संबंधित एक अलग धन शोधन मामले में भी गिरफ्तार किया था, जिसमें लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। व्यवसायी को अगस्त में संघीय एजेंसी द्वारा 'क्रिश रियलटेक' के माध्यम से घर खरीदारों से 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के तीसरे मामले में आरोप पत्र में नामजद किया गया था। वह इस कंपनी का प्रवर्तक है।

## पीएम मोदी ने दी भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी 108वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखआ, श्पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि। भारत की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 1966 से 1977 तक और फिर 1980 से 1984 में उनकी हत्या होने तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। उन्हें भारत में उनके सशक्त नेतृत्व एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के लिए याद किया जाता है। उनकी विरासत आज भी भारतीयों को प्रेरित करती है और देश के विकास एवं समृद्धि में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है।

## नीतीश कुमार ने बिहार के सीएम पद से इस्तीफा सौंपा, एनडीए की नई सरकार के गठन का दावा पेश

**नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर राज्यपाल को सौंप दिया, हालांकि उन्हें कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने को कहा गया है। एनडीए विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद, कुमार 20 नवंबर को रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के शीर्ष नेता शामिल होंगे।**



नई दिल्ली19 नवम्बर (एजेंसी)नीतीश कुमार ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अपना इस्तीफा सौंप दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। हालाँकि, कुमार को कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने के लिए कहा गया है। इस्तीफा देने के अलावा, कुमार ने बिहार में नई सरकार बनाने का दावा भी पेश किया। यह फैसला बिहार विधानसभा में एनडीए विधायक दल के नेता के रूप में कुमार के सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद आया है। वह 20 नवंबर को दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।इससे पहले, पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुना गया। नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विजय कुमार सिन्हा को उपनेता चुना। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य भाजपा नेताओं तथा एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इस समारोह में शामिल होने की उम्मीद है।एनडीए ने विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल की। भाजपा नेता रामकृपाल यादव ने कहा कि नीतीश कुमार को एक बार फिर सर्वसम्मति से एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के एजेंडे में बिहार का विकास सबसे ऊपर रहेगा। केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रालोद) प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की भारी जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना की।जदयू विधायक जमा खान ने कहा कि नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में अच्छा काम किया है ।

## निर्वाचन आयोग पर हमलों को लेकर पूर्व न्यायाधीशों और नागरिक समूह ने राहुल गांधी की आलोचना की



नई दिल्ली19 नवम्बर (एजेंसी) पूर्व न्यायाधीशों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों और सशस्त्र बल के सेवानिवृत्त अधिकारियों के एक समूह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह "बार–बार चुनावी विफलता के कारण हताश होने के चलते निर्वाचन आयोग की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।"इन 272 हस्तियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने "अविश्वसनीय रूप से असभ्य बयानबाजी" करते हुए 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर निर्वाचन आयोग पर बार–बार हमला किया है और दावा किया है कि जब अधिकारी आयोग से सेवानिवृत्त हो जाएंगे तो वह उन्हें "परेशान" करेंगे।इसमें कहा गया है, "फिर भी, ऐसे तीखे आरोपों के बावजूद उनके (राहुल) द्वारा निर्धारित शपथपत्र के साथ कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है, ताकि वह निराधार आरोप लगाने और अपने कर्तव्य का पालन कर रहे लोक सेवकों को धमकाने के लिए अपनी जवाबदेही से बच सकें।"राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष आदर्श कुमार गोयल, पूर्व न्यायाधीश एस एन ढींगरा, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता, न्यायमूर्ति राजीव लोचन, खुफिया एजेंसी 'रॉ' के पूर्व प्रमुख संजीव त्रिपाठी और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के पूर्व निदेशक वाई सी मोदी सहित अन्य ने इस बयान पर हस्ताक्षर किए हैं।बयान में कहा गया है, "यह व्यवहार बार–बार चुनावी असफलता और हताशा से उपजे गुस्से को दर्शाता है, जिसमें लोगों से फिर से जुड़ने की कोई ठोस योजना नहीं है।"उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेता तथा वामपंथी झुकाव वाले गैर–सरकारी संगठन मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ इसी तरह की तीखी बयानबाजी में गांधी के साथ शामिल हो गए हैं और यहां तक कि आयोग को "भाजपा की बी–टीम" करार दिया गया है

## बिहार की हवा मुझसे पहले ही तमिलनाडु पहुंच गई, कोयंबटूर में पीएम मोदी ने ऐसा क्यों कहा

***प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में भाजपा इस दक्षिणी राज्य में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा 2024 में तमिलनाडु में एक भी लोकसभा सीट जीतने में नाकाम रही। उन्होने कहा कि अगर उन्हें तमिल आती, तो उन्हें शिखर सम्मेलन में दिए गए पहले के भाषणों को पूरी तरह समझने का सौभाग्य मिलता।***



नई दिल्ली19 नवम्बर (एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि किसानों को गमछा लहराते देखकर उन्हें ऐसा लगा जैसे बिहार की हवा मुझसे पहले तमिलनाडु पहुँच गई हो। किसानों और कपड़ा मजदूरों की एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनका स्वागत किसानों ने गमछा लहराकर किया, जिससे उन्हें बिहार के उत्सवों की याद आ गई। उन्होंने कहा कि जब मैं यहाँ मंच पर आया, तो मैंने कई किसानों को अपना गमछा हवा में लहराते देखा। मुझे ऐसा लगा जैसे बिहार की हवा मुझसे पहले ही यहाँ पहुँच गई हो।प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में भाजपा इस दक्षिणी राज्य में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा 2024 में तमिलनाडु में एक भी लोकसभा सीट जीतने में नाकाम रही। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें तमिल आती, तो उन्हें शिखर सम्मेलन में दिए गए पहले के भाषणों को पूरी तरह समझने का सौभाग्य मिलता। क्षेत्र की आर्थिक मजबूती पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोयंबटूर का कपड़ा क्षेत्र लंबे समय से देश की अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख योगदानकर्ता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इसी क्षेत्र से आने वाले सी. पी. राधाकृष्णन के अब भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के साथ, राष्ट्र के प्रति कोयंबटूर का योगदान और भी बढ़ रहा है। प्राकृतिक खेती को ष्मेरे दिल के बहुत करीबष् विषय बताते हुए, प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत जैविक और प्राकृतिक कृषि का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर है। शिखर सम्मेलन में, उन्होंने जैविक, प्राकृतिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि मैं प्रदर्शनी देख रहा था। मुझे कई किसानों से बात करने का अवसर मिला,ष उन्होंने कहा। षकिसी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की, पीएचडी की और फिर खेती कर रहा थाय किसी ने नासा छोड़कर खेती की ओर रुख किया। वे कई युवाओं को तैयार और प्रशिक्षित कर रहे हैं। मैं इसे सार्वजनिक रूप से स्वीकार करता हूँकृअगर मैं यहाँ नहीं आया होता, तो मैं अपने जीवन में बहुत कुछ खो देता। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यह यात्रा एक सीखने का अनुभव रही,

## नगर निगम को राष्ट्रीय जल पुरस्कार, महापौर, आयुक्तने राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त कर मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात



गोरखपुरी19 नवम्बर (एजेंसी) गोरखपुर नगर निगम ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन मेंआयोजित 'राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2025' समारोह में गोरखपुर को जल संचय जन भागीदारी अभियान (श्रेश्रठ 1.0) के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान और उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने यह सम्मान गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल को प्रदान किया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद दोनों अधिकारियों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की और उन्हें शहर की इस उपलब्धि की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने नगर निगम टीम को हार्दिक बधाई देते हुए गोरखपुरवासियों के लिए विशेष संदेश भी जारी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोरखपुर वासियों के लिए संदेश

गोरखपुर ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि जब जनता और प्रशासन एक लक्ष्य के लिए एकजुट होकर कार्य करते हैं, तब बड़े से बड़ा लक्ष्य भी सरल हो जाता है। राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्राप्त करना गोरखपुर नगर की सामूहिक चेतना, जन भागीदारी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का उज्ज्वल उदाहरण है। मैं गोरखपुर की जनता, नगर निगम टीम और सभी सहयोगी संस्थाओं को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हृदय से शुभकामनाएँ देता हूँ।

जल संरक्षण आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। गोरखपुर ने जल संचयन, प्राकृतिक जल शोधन और तालाबों–नालों के पुनर्जीवन को जिस रूप में जन आंदोलन बनाया है, वह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। 'गोरखपुर मॉडल' अब अन्य नगरों के लिए भी आदर्श बनेगा। मैं गोरखपुर के नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे इसी उत्साह के साथ शहर को जल–सुरक्षित, स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करते रहें। मिलकर हम अपने शहर को सतत विकास की दिशा में देश का अग्रणी नगर बनाएँगे।"

गोरखपुर मॉडल को मिली राष्ट्रीय मान्यता

गोरखपुर के जल संचय जन भागीदारी अभियान के अंतर्गतकृवर्षा जल संचयन संरचनाओं का विस्तार,तालाबों और कुओं की सफाई,नदियों और नालों के पुनर्जीवन,तथा तकिया घाट पर स्थापित नेचुरल वॉटर फिल्ट्रेशन सिस्टम

जैसी नवाचारी पहलें राष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से सराही गईं।

# सम्पादकीय

## निशाने पर गंभीर

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हैडिन ने भारत की हार पर बड़ा बयान दिया है। ब्रैड हैडिन ने गौतम गंभीर की रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि हैडिन ने माना है कि गंभीर अपनी कोचिंग में जो भी फैसले ले रहे हैं, वह गलत जा रहे है। हैडिन ने विराट कोहली का उदाहरण देते हुए गंभीर को कड़वी डोज दी है। दरअसल, भारत को पहले टेस्ट मैच में 30 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को केवल 124 रन का टारगेट मिला था लेकिन भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की हार के दुनिया भर के पूर्व क्रिकेटर भारत की रणनीति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। हाल ही में ईडेन गॉर्डन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में 30 रन से मिली हार के बाद भारत के पूरे क्रिकेट गलियारे में बहुत ही ज्यादा गुस्सा है। आम फैंस से लेकर पूर्व क्रिकेटर और मीडिया तमाम लोग खुलकर अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं। और ऐसा साफ दिखा रहा है कि खिलाड़ियों से ज्यादा निशाने पर हेड कोच गौतम गंभीर तो हैं हीं, तो वहीं लपेटे में चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर भी आ गए हैं। पूर्व पेसर वेंकटेश प्रसाद ने दोनों पर जमकर निशाना साधा है। तो वहीं अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर अनिल कुंबले ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारत की 30 रन से हार के बाद कहा कि ईडन गार्डन्स की चुनौतीपूर्ण पिच पर तीसरे दिन का खेल के शुरू में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को गेंद नहीं सौंपना सवाल पैदा करता है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम 124 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 93 रन पर आउट हो गई और इस तरह से पहला टेस्ट मैच तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही समाप्त हो गया।



नफीस जाफरी

अनिल कुंबले ने भारत को मिली हार के बाद समीक्षा करते हुए कहा कि टीम इंडिया कि सबसे बड़ी गलतियों में से एक तीसरी सुबह जसप्रीत बुमराह को पहला ओवर नहीं देना था, खासकर उस पिच पर जो तेज गेंदबाजों को मदद कर रही थी। कार्यवाहक कप्तान ऋषभ पंत ने पहला ओवर अक्षर पटेल को दिया और फिर एक छोर से बुमराह को लाने से पहले कुछ देर तक स्पिन जारी रखी। भारत की हार के बाद कुंबले ने कहा,124 रन का लक्ष्य थोड़ा ज्यादा था। दक्षिण अफ्रीका को दिन की शुरुआत में केवल 63 रन की बढ़त हासिल थी और उसके तीन विकेट बचे हुए थे। तेम्बा बावुमा अभी खेल रहे थे। ऐसी परिस्थितियों में फैला हुई फील्ड और अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को पहला ओवर न देना सवाल खड़े करता है। कुंबले ने कहा कि ऐसी चुनौतीपूर्ण सतह पर किसी और को बुमराह से पहले गेंदबाजी कराना, इसका कोई मतलब नहीं है। बुमराह के अलावा, मोहम्मद सिराज ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया क्योंकि उन्होंने बैक–टू–बैक विकेट लेकर प्रोटियाज़ को 153 रन पर रोक दिया। कुंबले ने दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस साल की शुरुआत में टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जीत दिलाने के बावजूद उन्हें हमेशा वह श्रेय नहीं मिलता जिसके वह हकदार हैं। उन्होंने कहा,कुल मिलाकर भारत दक्षिण अफ्रीका से पिछड़ गया। इसका श्रेय बावुमा को जाता है। उन्हें कप्तान के रूप में वह पहचान नहीं मिली जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान के रूप में 11 में से 10 टेस्ट मैच जीते हैं और उनके लिए टेस्ट चैम्पियनशिप जीती है। उन्हें उस तरह का श्रेय नहीं मिलता जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के अन्य कप्तानों को मिलता है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा,बल्लेबाज़ के रूप में भी उन्होंने दो बेहतरीन पारियां खेली हैं। पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में और दूसरी अब यहां। उन्होंने एक खिलाड़ी और कप्तान दोनों रूप में शानदार प्रदर्शन किया है। कुंबले ने बावुमा की कप्तानी और गेंदबाजी में बदलाव की भी सराहना की। उन्होंने कहा,मुझे लगा कि जब क्रीज पर दो बाएं हाथ के बल्लेबाज थे तो उन्होंने एडेन मार्कराम को लाकर वास्तव में अच्छा किया। वाशिंगटन सुंदर ने साइमन हार्मर को अच्छी तरह से देखा और सहज लग रहे थे। और शायद केशव महाराज के उस एक ओवर के बाद, मुझे लगा कि यही वह जगह थी जहां उन्होंने गलत गेंदबाज को शामिल किया था, क्योंकि अक्षर निश्चित रूप से उन्हें खेल रहे थे।


## बिहार का जनादेश और भारतीय राजनीति का उभरता परिदृश्य

बिहार की जनता ने एक ऐसा जनादेश दिया है, जिसका महत्व सीटों के गणित से कहीं आगे जाता है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विधानसभा की 243 सीटों में से 202 सीट पर जीत दर्ज की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने अकेले 89 सीटें हासिल की हैं जो राज्य में पार्टी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दशकों तक विभिन्न गठबंधनों के तहत बिहार की राजनीति पर अपना दबदबा बनाए रखने के बाद, महागठबंधन अब सिर्फ 34 सीटों पर सिमट गया है। 7.4 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत मतदाताओं में से 67.13 प्रतिशत ने मतदान किया। यह चुनाव राज्य के हाल के इतिहास में सबसे कड़े मुकाबले वाले चुनावों में से एक सिद्ध हुआ है और चुनाव परिणामों ने वास्तविक लोकतांत्रिक गहराई को रेखांकित किया है। वर्षों तक, बिहार पर व्यक्त किये गए विचारों में राज्य को समय के प्रवाह में एक रुका हुआ राज्य मान लिया गया था। चुनावों को जातिगत अंकगणित की कवायद माना जाता था और सामाजिक जनसांख्यिकी को राजनीतिक नतीजों में तब्दील कर दिया जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय राजनीति का परिदृश्य निर्णायक रूप से विकास, समावेश और राज्य क्षमता के रूप में बदल गया है तथा बिहार के मतदाताओं ने इस बदलाव को लेकर पूरी स्पष्टता से जवाब दिया है। 2025 के परिणाम एक ऐसे मतदाता को इंगित करते हैं जिसकी आकांक्षा बड़ी है और जिसने असुरक्षा व पक्षाघात वाले बिहार तथा बेहतर शासन वाले बिहार के बीच के अंतर को महसूस किया है। कई नागरिकों ने बातचीत में और मतदान के पैटर्न में व्यक्त किया है कि 2024 के आम चुनाव में अपेक्षा से कम समर्थन के बाद यह चुनाव जिम्मेदारी की भावना लेकर आया है। लोगों ने अपने निष्कर्ष निकाले हैं कि वे देश की व्यापक यात्रा में बिहार को कहाँ देखना चाहते हैं। बेहतर शासन ने इस परिवर्तन को आधार प्रदान किया है। पिछले एक दशक में, बिहार में 55,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण या उन्नयन हुआ है, जो गांवों को बाजारों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ती हैं। केंद्रीय योजनाओं और राज्य कार्यक्रमों के संयोजन के माध्यम से लाखों परिवारों को बिजली, पेयजल और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हुई है। सौभाग्य और उससे जुड़ी पहलों के तहत, बिहार में 35 लाख से ज़्यादा घरों का

विद्युतीकरण किया गया, जिससे राज्य सार्वभौमिक घरेलू बिजली आपूर्ति के करीब पहुँच गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, बिहार के लिए 57 लाख से ज़्यादा पक्के घर स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से कई महिलाओं के नाम पर पंजीकृत हैं। ये आँकड़े उन ठोस बदलावों की ओर इशारा करते हैं जिन्हें लोग देख और अनुभव कर सकते हैंरू एक बारहमासी सड़क, एक जलती रहने वाली रोशनी, एक नियमित पेयजल आपूर्ति करने वाला नल तथा एक ऐसा घर, जो सम्मान प्रदान करता हो। जैसे–जैसे इन सार्वजनिक कल्याण कार्यक्रमों का विस्तार हुआ, पुरानी शक्तियों की पकड़ ढीली होती गयी। बिहार का समाज विविधतापूर्ण और बहुस्तरीय है, फिर भी चुनावी लिहाज से यह बहुस्तरीय समाज अपने समुदायों तक सीमित नहीं रहा। विभिन्न समुदायों की महिलाएँ अब सुरक्षा, आवागमन और अवसर को लेकर एक जैसी अपेक्षाएँ रखती हैं। कभी सामाजिक पदानुक्रम के विपरीत छोर पर खड़े परिवारों के युवा अब खुद को एक ही कोचिंग क्लास और श्रम बाजार में पाते हैं। उनके रोजमर्रा के अनुभव उन्हें आकांक्षाओं के एक साझा दायरे में ले आते हैं। उस दायरे में, वे राजनीति से रोजगार, अवसंरचना, स्थिरता और निष्पक्षता जैसे सवाल पूछते हैं।

इस जनादेश ने वंशवाद–केंद्रित राजनीति पर भी एक स्पष्ट संदेश दिया है। पारिवारिक करिश्मे और विरासत में मिले नेटवर्क पर निर्भर रहने वाली पार्टियों का विधायी दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है। बिहार ने कई दशकों से ऐसे गठबंधनों को करीब से देखा है और उनकी सीमाओं को समझा है। 2025 के नतीजे बताते हैं कि मतदाता इस बात पर गौर कर रहे हैं कि नेता सरकार में कैसा व्यवहार करते हैं संकट के समय में उनकी प्रतिक्रिया कैसी होती है, संस्थाओं के साथ कैसे व्यवहार करते हैं और सार्वजनिक संसाधनों का किस रूप में उपयोग करते हैं। व्यापक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में पारिवारिक पृष्ठभूमि मौजूद है लेकिन वहाँ भी कड़ी मेहनत, संगठनात्मक क्षमता और सेवा के रिकॉर्ड से जुड़ी माँगें उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं।

# शेख़ हसीना का बांग्लादेश की आयरन लेडी से लेकर मौत की सज़ा का सफ़र



गुलफिशा खान

बांग्लादेश में तख्तापटल के 15 महीने बाद पूर्व पीएम शेख हसीना को दोषी करार दिया गया। उन्हें अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने मौत की सजा सुनाई गई है। शेख हसीना अपने खिलाफ सुनाए गए फैसले को पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित बताया है। शेख हसीना पर आए इस फैसले पर अब भारत ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने कहा है कि हम बांग्लादेशी लोगों के सर्वोत्तम हित के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सभी हितधारकों के साथ हमेशा रचनात्मक रूप से जुड़े रहेंगे। आपको बता दें कि शेख हसीना के साथ–साथ उनके सरकार में गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल और पुलिस प्रमुख अब्दुल्ला अल–मामून को दोषी पाया गया है। अब्दुल्ला अल–मामून सरकारी गवाह बन गए थे तो उन्हें कम सजा दी गई। कोर्ट ने शेख हसीना को अगस्त 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड माना है। बताते चलें कि शेख हसीना तख्तापलट के बाद भारत आ गईं थीं। वे पिछले 15 महीने से भारत में ही रह रही हैं।

अब जहां तक शेख हसीना का सवाल है तो गौरतलब है कि बांग्लादेश की राजनीति में शेख हसीना का नाम पिछले दो दशक से केंद्र में बना रहा,फिर चाहे वह सियासी स्थिरता का समय हो या फिर उथल–पुथल का दौर। शेख हसीना के समर्थकों के लिए वह एक आधुनिक विकासशील बांग्लादेश का निर्माण करने वाली 'आयरन लेडी हैं। वहीं, आलोचकों की नजरों में हसीना एक तानाशाह थीं, जिन्होंने सत्ता की भूख में सड़कों पर उठी आवाज को अनसुना कर दिया। हालांकि,शायद ही किसी ने सोचा होगा कि शेख हसीना ने जिस न्यायाधिकरण का गठन कट्टर युद्ध अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए किया था, वही एक दिन उन्हें कठघरे में ला खड़ा करेगा। हालांकि,पूरी सुनवाई हसीना की गैर–मौजूदगी में हुई लेकिन इसे दुनिया के किसी देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला शासनाध्यक्ष के दशकों लंबे सियासी जीवन में अब तक का सबसे नाटकीय मोड़ माना जा रहा है। शेख हसीना का जन्म 28 सितंबर 1947 को तत्कालीन



पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) के तुंगीपाड़ा में एक सियासी परिवार में हुआ था,जिसने आगे चलकर एक राष्ट्र के रूप में बांग्लादेश के अस्तित्व को आकार दिया। उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान ने 1971 में भारत की मदद से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान को पाकिस्तान के शासन से मुक्ति दिलाई और बांग्लादेश राष्ट्र की स्थापना की तथा उसके पहले राष्ट्रपति बने। शेख हसीना ने ढाका विश्वविद्यालय से बांग्ला साहित्य में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की और फिर छात्र राजनीति में सक्रिय हो गईं। 1968 में उन्होंने परमाणु वैज्ञानिक एमए वाजेद मिया से शादी रचाई, जिनका शोध की दुनिया में रचा–बसा सीधा–सादा जीवन बांग्लादेश की राजनीति के उथल–पुथल भरे माहौल से बिल्कुल विपरीत था। वाजेद का 2009 में 67 साल की उम्र में निधन हो गया। वह अंतिम समय तक हसीना के जीवन के आधार स्तंभ बने रहे। वाजेद और हसीना की दो संतानें हैं–बेटा सजीब वाजेद जॉय और बेटी साइमा वाजेद पुतुल। हसीना के लिए सियासी डगर अगस्त 1975 के सैन्य तख्तापलट के बाद कठिन हो गई, जिसमें उनके माता–पिता, तीन भाइयों और परिवार के कई अन्य सदस्यों की हत्या कर दी गई। वह और उनकी छोटी बहन रेहाना केवल इसलिए बच गईं,क्योंकि दोनों विदेश में थीं। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाले भारत ने उन्हें शरण दी।

6 साल बाद मई 1981 में हसीना बांग्लादेश लौटीं,जहां उन्हें उनकी अनुपस्थिति में 'अवामी लीग'का महासचिव चुना गया था। हालांकि, स्वदेश वापसी पर हसीना को उनकी प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया से कड़ी चुनौती मिली,जो दिवंगत राष्ट्रपति जियाउर रहमान की विधवा थीं। बांग्लादेश में हसीना और जिया के बीच की सियासी प्रतिद्वंद्विता और वैचारिक संघर्ष 'बेगमों की लड़ाई के रूप में सुर्खियों में छाया रहा तथा तीन दशक से अधिक समय तक इसने देश की राजनीति की दिशा तय की। हसीना पहली बार 1996 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं,जब उन्होंने कड़े मुकाबले में जिया को मात दी। हालांकि, 2001 में वह सत्ता से बाहर हो गईं, लेकिन 2008 में उन्होंने भारी बहुमत से वापसी की। इसी के साथ उनके शासन का एक लंबा दौर शुरू हुआ। शेख हसीना के नेतृत्व में 'अवामी लीगश ने 2008 के आम चुनाव में भारी जीत हासिल की। 2014 के आम चुनाव, जिसका जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बहिष्कार किया था, उसमें भी हसीना नीत 'अवामी लीगश बाजी मारने में सफल रही. इसके बाद 2018 के चुनाव में हसीना की पार्टी ने जीत की 'हैट्रिक; लगाई, जिससे वह दुनिया के किसी देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला शासनाध्यक्षों में से एक बन गईं। हसीना के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान, बांग्लादेश में तीव्र आर्थिक विकास दर्ज किया गया, पद्मा ब्रिज जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचों का निर्माण हुआ और गरीबी उन्मूलन की दिशा में प्रगति देखी गई। उनके कार्यकाल में बांग्लादेश एक वैश्विक परिधान महाशक्ति भी बन गया। हालांकि,इन उपलब्धियों के बीच हसीना पर विरोधी आवाजों को कुचलने,मीडिया पर अंकुश लगाने,विपक्षी नेताओं की गिरतारी के आदेश देने और सरकारी सुरक्षा एजेंसियों को अत्यधिक शक्तियां प्रदान करने जैसे आरोप भी लगते रहे। साल 2024 में स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सैनिकों के बच्चों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण की घोषणा को लेकर हसीना सरकार को छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध–प्रदर्शनों का सामना करना पड़ा, जिसने धीरे–धीरे देशव्यापी आंदोलन का रूप अख्तियार कर लिया। प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क उठी, जिसके चलते हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और भारत भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# बिहार की करारी हार से कराह उठा "इंडिया गठबंधन"



फरीद वारसी

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बिहार चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 'जो जीता वही सिकंदर, लेकिन असली बात कोई समझ नहीं पा रहा है कि सिकंदर जीत कैसे रहा है। उद्धव ने कहा कि अगर तेजस्वी यादव हार रहे थे, तो उनकी सभाओं में इतनी बड़ी भीड़ कैसे आ रही थी? क्या वो एआई से थे? उद्धव ठाकरे ने सवाल उठाया कि जहां जनता इतनी बड़ी प्रतिक्रिया दे रही है, वे हार रहे हैं और जिनके कार्यक्रमों में कोई खास प्रतिक्रिया नहीं है, वे जीत रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि ₹10,000 भी एक चुनावी फैक्टर है, लेकिन जनता रोज–रोज जो तकलीफ झेल रही है, वही असली सच्चाई है। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र के बारे में सवाल पूछ रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग कोई जवाब नहीं दे रहा है। वहीं कांग्रेस के अकेले बीएमसी चुनाव लड़ने के सवाल पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे अपने पार्टी के लिए निर्णय ले सकते हैं और हम अपने लिए निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि वे रीजनल पार्टियों को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। किसी को उन्हें राष्ट्रगीत याद दिलाना चाहिए – "पंजाब, सिंध, गुजरात, मराठा।"इधर जहां तक इंडिया गठबंधन का सवाल है तो शुरूआत महाराष्ट्र से हुई. बिहार चुनाव के नतीजों को लेकर महाराष्ट्र के महा विकास अघाड़ी गठबंधन में सहयोगी दलों के बीच तनाव बढ़ गया है। शिवसेना उद्धव गुट और कांग्रेस के नेताओं ने एक–दूसरे पर निशाना साधा है। शिवसेना उद्धव गुट नेता अंबादास दानवे ने बिहार में इंडिया ब्लॉक की हार के लिए गठबंधन की आंतरिक देरी को जिम्मेदार ठहराया है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता दानवे ने कहा कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने में हुई हिचकिचाहट और सीट–बंटवारे को अंतिम रूप देने




में लगे लंबे समय ने गठबंधन को चुनाव में भारी नुकसान पहुंचाया। उनके अनुसार, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा को जनता का जबरदस्त समर्थन मिला था, उसी समय गठबंधन को तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर देना चाहिए था। दानवे ने महाराष्ट्र से तुलना करते हुए कहा कि अगर राज्य में भी उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद का चेहरा जल्दी घोषित कर दिया जाता और सीट–बंटवारा आसानी से हो जाता, तो विधानसभा चुनाव के नतीजे बहुत अलग होते। इसपर कांग्रेस नेता अतुल लोंढे ने पलटवार किया। दानवे के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस नेता अतुल लोंढे ने दानवे को याद दिलाया कि बिहार का फैसला ज्ञानेश कुमार(मुख्य चुनाव आयुक्त) की जीत थी, न कि नीतीश कुमार की। उन्होंने शिवसेना उद्धव गुट पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें यह देखना चाहिए कि उन्होंने जिन विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से कई सीटों पर तो उनकी जमानत तक जब्त हो गई। लोंढे ने सलाह दी कि गठबंधन के भीतर एक–दूसरे को निशाना बनाने के बजाय, सभी का ध्यान वोट चोरी जैसे बड़े मुद्दों पर केंद्रित होना चाहिए।

इसी बीच मुंबई मे होने वाले बीएमसी चुनाव में कांग्रेस ने अकेले लड़ने के संकेत दिए हैं। इसकी घोषणा रमेश चेन्निथला की तरफ से की गई है। बीएमसी चुनावों को लेकर कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने कहा कि हमने यह निर्णय प्रदेश समिति और स्थानीय स्तर पर छोड़ दिया है। हालांकि, मुंबई कांग्रेस समिति ने यह तय किया है कि हम यह चुनाव अकेले लड़ेंगे। कई हृतों से मुंबई कांग्रेस के कई प्रभावशाली नेता सार्वजनिक और निजी तौर पर आलाकमान पर दबाव डाल रहे थे कि पार्टी को स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़कर अपनी संगठनात्मक ताकत फिर से बनाने की अनुमति दी जाए। कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष गायकवाड़ ने पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से बीएमसी में कांग्रेस का झंडा फहराने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें कांग्रेस पार्षदों का निर्वाचन सुनिश्चित करना होगा... सभी 227 सीट के लिए तैयारी करनी होगी।तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता कुणाल घोष ने कहा कि कांग्रेस को अपनी हार पर मंथन करना चाहिए। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, बिहार चुनाव के नतीजे के बाद कांग्रेस को अपने आप पर मंथन करना चाहिए, क्योंकि यह पार्टी लगातार फेल साबित हो रही है। महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा के बाद अब बिहार में उनकी हार हुई। जहां पर कांग्रेस के ऊपर भाजपा को रोकने की जिम्मेदारी है, वहां पर पार्टी फेल साबित हो रही है। उन्होंने टीएमसी के पिछले प्रदर्शनों की तारीफ करते हुए कहा, वहीं अगर लगातार किसी पार्टी को सफलता मिल रही है, तो वह बंगाल में ममता बनर्जी हैं। 2021 में विधानसभा चुनाव, 2023 में पंचायत चुनाव और 2024 में लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा सांसदों की संख्या कम हो गई, जबकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों की संख्या बढ़ गई। घोष ने कहा, ममता बनर्जी देश में सबसे लोकप्रिय हैं, 7 बार सांसद, 4 बार केंद्रीय मंत्री, दो बार रेलवे मंत्री, तीन बार मुख्यमंत्री रही। इस पर कांग्रेस सोचना चाहिए कि उनका नेतृत्व लगातार फेल साबित हो रहा है। कांग्रेस खुद तो जीत दर्ज नहीं कर पा रही है, बल्कि वह जिन राज्यों में, जिस पार्टी के साथ गठबंधन कर रही है, उसको भी डूबा रही है। कांग्रेस को खुद इस पर विचार करना चाहिए कि इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व की जिम्मेदारी किसके हाथ में होनी चाहिए। यह सच अब सभी के सामने आ गया है कि भाजपा को कौन हरा सकता है, वह ममता बनर्जी हैं।

# हेल्थ इंश्योरेंस में रूम रेंट की लिमिट को समझें

श्री भास्कर नेरुरकर

एक अप्रत्याशित मेडिकल एमरजेंसी पल भर में आपके जीवन की रतार को बदल सकती है। जिससे आपको तनाव, जल्दबाज़ी और फाइनेंशियल दबाव का सामना करना पड़ सकता है। अचानक हॉस्पिटलाइज़ेशन की ज़रूरत पड़ना मुश्किल भरा हो सकता है, क्योंकि इसमें आपकी जेब से बहुत ज्यादा पैसा खर्च हो सकता है। ऐसी स्थितियों में, हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होने से आपको आवश्यक फाइनेंशियल सुरक्षा मिल सकती है, जिसमें खर्चों को इंश्योरेंस कवर करता है और मरीज ठीक होने पर ध्यान दे पाते हैं। यही कारण है कि आपके हेल्थ इंश्योरेंस प्लान की पूरी समझ होना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आपको अप्रत्याशित मेडिकल खर्चों को आत्मविश्वास के साथ पूरा करने में मदद करता है। एक अहम लेकिन अक्सर नज़रअंदाज़ किया जाने वाला पहलू है रूम रेंट लिमिट – यह सुविधा आपके हॉस्पिटल के कुल खर्चों पर बड़ा असर डाल सकती ह। .

आइए, समझते हैं कि हेल्थ इंश्योरेंस में रूम रेंट की लिमिट क्या है

हेल्थ इंश्योरेंस प्लान चुनते समय, रूम रेंट की लिमिट को समझना महत्वपूर्ण है। यह आपके इंश्योरर द्वारा आपके हॉस्पिटल रूम के लिए प्रति दिन किए जाने वाले भुगतान की अधिकतम राशि होती है। अगर आपके हॉस्पिटल रूम का रेंट आपकी कवरेज में निर्धारित लिमिट से अधिक होता है, तो कस्टमर को बकाया राशि का भुगतान अपनी जेब से करना पड़ता है। आमतौर पर, हॉस्पिटल्स आपको कमरे में मिलने वाली हर सर्विस की लागत को रूम रेंट में जोड़ देते हैं और इसलिए हॉस्पिटलाइज़ेशन के दौरान रूम रेंट की लागत काफी बढ़ जाती है। इसलिए, अगर किसी प्राइवेट एसी रूम में सर्जरी की लागत 1 लाख रुपये है, तो डीलक्स रूम में इसकी लागत 1.25 लाख रुपये हो सकती है। इसी वजह से, इंश्योरेंस कंपनियां सभी सेवाओं पर अनुपातिक को–पे (सह–भुगतान) लागू करती हैं।

अलग–अलग पॉलिसी में रूम रेंट की अलग–अलग लिमिट होती है। जिन प्लान में सम इंश्योर्ड, यानी आपकी पॉलिसी द्वारा मेडिकल खर्चों के लिए कवर की जाने वाली कुल राशि कम होती है, उनमें आमतौर पर रूम रेंट की लिमिट कम होती है। यह सम एश्योर्ड का लगभग 1 प्रतिशत होती है। वहीं जिन प्लान में कवरेज ज्यादा होती है, उसमें आपको अपने हिसाब से रूम चुनने की सुविधा मिलती है। हॉस्पिटल रूम चुनते समय इस फीचर को ज़रूर चेक करना चाहिए, क्योंकि लिमिट से अधिक खर्च होने पर आपको सह–भुगतान करना पड़ सकता है। अपनी पॉलिसी में रूम रेंट लिमिट की स्पष्ट समझ होने से आप हॉस्पिटल में भर्ती होने के दौरान सही निर्णय ले सकते हैं, अनपेक्षित खर्चों से बच सकते हैं और अपने हेल्थकेयर खर्चों को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकते हैं।

हेल्थ इंश्योरेंस में रूम रेंट लिमिट के प्रकार–बिना किसी सब–लिमिट के रूम रेंटरू यह इंश्योरेंस कवरेज आपको हॉस्पिटल रूम चुनने में पूरी सुविधा देता है, क्योंकि रूम रेंट के खर्चों पर कोई लिमिट नहीं होती। हॉस्पिटलाइज़ेशन के दौरान, आपको अपनी आराम और रिकवरी की ज़रूरतों के अनुसार कोई भी रूम चुनने की स्वतंत्रता होती है, जिससे इलाज के समय आपका अनुभव बेहतरीन हो जाता है। को–पेमेंट के साथ रूम रेंट की लागत को मैनेज करना– यह कवरेज रूम रेंट की एक लिमिट निर्धारित करती है कि आपकी पॉलिसी कितनी राशि का भुगतान करेगी। अगर रूम की लागत इस लिमिट के भीतर है, तो पॉलिसी इसे कवर करती है। अगर यह लागत लिमिट से ज्यादा हो जाती है, तो अतिरिक्त राशि का भुगतान पॉलिसीधारक को करना होगा। उदाहरण के लिए, अगर आपकी पॉलिसी में रूम रेंट की लिमिट 5,000 रुपये प्रति दिन है और आप 4,500 रुपये प्रति दिन का हॉस्पिटल रूम चुनते हैं, तो इंश्योरेंस पूरी राशि को कवर करेगा। हालांकि, अगर रूम का खर्च प्रति दिन ₹6,000 है, तो आपको ₹1,000 का अतिरिक्त भुगतान और उससे संबंधित को–पेमेंट अपनी जेब से करना होगा।

चुनिंदा हॉस्पिटल रूम टाइप के लिए रूम रेंट कवरेज– आपकी इंश्योरेंस पॉलिसी केवल विशिष्ट प्रकार के हॉस्पिटल रूम को कवर कर सकती है, जैसे प्राइवेट या ट्विन–शेयरिंग कमरा। अपने रूम रेंट के लिए कवरेज सुनिश्चित करने के लिए, आपको अपनी पॉलिसी में बताए गए पात्र रूम कैटेगरी में से किसी एक का चयन करना ज़रूरी है।ऐड–ऑन के रूप में रूम रेंट कवररू कुछ मामलों में, इंश्योरर अपनी बेस पॉलिसी में रूम रेंट कवरेज को ऑटोमैटिक रूप से शामिल नहीं करते। इसके बजाय, वे इसे वैकल्पिक ऐड–ऑन के रूप में ऑफर करते हैं। अगर आप हॉस्पिटलाइज़ेशन के दौरान अपने जेब से होने वाले खर्चों को कम करना चाहते हैं और बेहतर रूम सुविधाएं प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको इस ऐड–ऑन को अलग से खरीदना होगा। उदाहरण के लिए, अगर आपकी बेसिक हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी प्राइवेट रूम को कवर नहीं करती है, तो आप ऐसे रूम को एक्सेस करने के लिए रूम रेंट ऐड–ऑन का विकल्प चुन सकते हैं। रूम रेंट ऐड–ऑन का विकल्प चुनकर, आप अपनी पूरी लागत का भुगतान किए बिना प्राइवेट या डीलक्स रूम में अपग्रेड कर सकते हैं।

रूम रेंट कवरेज हॉस्पिटलाइज़ेशन के दौरान आराम और खर्च दोनों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। उच्च सब–लिमिट या सुविधा के अनुसार रूम टाइप चुनने की सुविधा वाले प्लान को चुनने से इलाज का अनुभव बेहतर और आरामदायक बनता है। विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियों की तुलना करने से आप खर्च और लाभ के बीच सही संतुलन पा सकते हैं, आज सही निर्णय लेने से कल आपका हेल्थकेयर अनुभव आसान और तनावमुक्त बन सकता है।

लेखक – श्री भास्कर नेरुरकर, हेड – हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन टीम, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड)

# माओवाद के ताबूत में एक और कील

ekओवादियों को अब समझ लेना चाहिए कि उनके सामने समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के अलावा अन्य कोई रास्ता नहीं बचा है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की सीमा पर माओवादियों से हुई मुठभेड़ में एक करोड़ का ईनामी माओवादी हिडमा और उसकी पत्नी मारे गये। इस मुठभेड़ में आधा दर्जन माओवादी ढेर हो गये है और उनका संगठन अब कमजोर हो गया है। ये माओवादी भारत देश की लोकतांत्रिक पद्धति से हिंसक लड़ाई लड़ रहे हैं। माओवादी माओत्से तुग (चीन के पूर्व राष्ट्रपति) द्वारा विकसित साम्यवाद का एक रूप हैं जो सशस्त्र विद्रोह, जन संगठन और रणनीतिक गठबंधनों के माध्यम से राज्य–सत्ता पर कब्जा करना चाहते हैं। सामान्य लोगों को बरगलाने के लिए यह व्यवस्था पूंजीवाद और साम्राज्यवाद के विरुद्ध संघर्ष का ढिंढेरा पीटती है लेकिन जो लोग आत्मसमर्पण करके समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं, उन्होंने बताया कि माओवादी भी सामंतवादियों की तरह ही शोषण करते हैं। इसीलिए अब तक हजारों लोग समर्पण कर चुके हैं और सरकार ने उनके पुनर्वास की अच्छी व्यवस्था भी की है। समर्पण करने वालों के बच्चों का भविष्य तो निश्चित रूप से सुधर रहा है। माओवादियों को पता होना चाहिए कि किसी न किसी गोली पर उनकी मौत लिखी है जैसे 19नवम्बर को हिडमा का अंत हो गया।

माओवादियों का शीर्ष नेता और सुरक्षा बलों द्वारा मोस्ट वांटेड हिडमा 19नवम्बर मारा गया है। हिडमा के साथ उसकी पत्नी हेमा भी आंध्र प्रदेश–तेलंगाना सीमा पर हुई मुठभेड़ में मारी गई है। माओवादी हिडमा पर लगभग 1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। आंध्र प्रदेश की सीमा से लगे जंगलों में माओवादियों की बढ़ती गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इसके बाद माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में हिडमा और हेमा के साथ ही उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहे चार अन्य माओवादी भी मारे गए। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पुववर्ती गांव की आदिवासी जनजाति मुरिया से माड़वी हिडमा ताल्लुक रखता है। वह बाल संघ के जरिए माओवादी पार्टी में शामिल हुआ। अपने लोगों में विचारों का संचार करने वाले हिडमा ने माओवादियों द्वारा संचालित एक स्कूल में अपने विचारों की शुरुआत की। उसने किशन जी उर्फ भद्रन्ना के नेतृत्व में सशस्त्र संघर्ष में कदम रखा।



हिडमा जब जेगुरुगोंडा क्षेत्र बल का कमांडर था, तब उसने वरिष्ठ नेता नंबाला केशव राव के नेतृत्व में चिंतलनार–टेकुमेटला हमले का नेतृत्व किया। इस हमले में 76 सीआरपीएफ जवान मारे गए। इसके बाद हिडमा को माओवादी पार्टी में खास पहचान मिली। लगभग 25 साल पहले छिपने वाला हिडमा उस समय माओवादी पार्टी की केंद्रीय समिति का सबसे कम उम्र का सदस्य था। पिछले हफ्ते छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम ने हिडमा की मां से मुलाकात की थी और हिडमा के सरेंडर की बात कही थी।

# रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर हुई भाषण व निबंध प्रतियोगिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। रानी लक्ष्मीबाई जयंती के अवसर पर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने प्रेरणादायी गोष्ठी, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं, युवाओं व बुद्धिजीवियों ने प्रतिभाग किया।समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि रानी लक्ष्मीबाई केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि साहस, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रतीक हैं। उनका जीवन हम सभी को न्याय, स्वतन्त्रता और आत्मसम्मान के लिए निरंतर खड़े रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन नई पीढ़ी में राष्ट्रभाव और बलिदान की भावना को जगाने का माध्यम है। प्रतियोगिताओं में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंच से सम्मानित किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने सृष्टि मिश्र, प्रियांशु सिंह, मैना, खुशबू, साधना, सत्यम सिंह, प्रिया तिवारी, शिवानी, अंशिका, इंद्रवेदर, अंजली पाण्डेय और हस्ती को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में रानी लक्ष्मीबाई के साहस और प्रेरक व्यक्तित्व को जीवित रखना व बुंदेलखंड की गौरवशाली परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाना था।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम कोराई में मंगलवार की रात 30 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार कोराई गांव निवासी स्व0 लक्ष्मीकांत के पुत्र अंकुर षुक्ला ने उस समय घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग गहरी नींद सोए थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली और कमरे में अंकुर का फांसी पर लटका शव देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# गांजे के साथ युवक को दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के दिशा–निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत किशनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नरैनी रोड पर पांच किलो एक सौ चार ग्राम गांजा के साथ युवक को गिरतार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार किशनपुर थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम अपने सहयोगी उपनिरीक्षक प्रवीण यादव, उपनिरीक्षक हितेन्द्र दुबे, कांस्टेबल विवेक यादव, राजेश सिंह, निर्भय सिंह के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर नरैनी रोड से असोथर थाना क्षेत्र के झाल गांव निवासी रितिक सैनी पुत्र नरेश सैनी को गिरतार करते हुए उसके कब्जे से पांच किलो एक सौ चार ग्राम गांजा बरामद कर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है।

# डकैती तैयारी मामले में अभियुक्त को सात वर्ष का कारावास

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 19 नवंबर को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते थाना सैफई के एक अभियोग में न्यायालय ने अभियुक्त को 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। थाना सैफई में 20 अक्टूबर 2015 को दर्ज मु0अ0सं0 228/2015 धारा 399/402 भादवि व 10/12 डीए एक्ट के अंतर्गत अभियुक्तगणों द्वारा संगठित होकर डकैती की योजना बनाने, चोरी की मोटरसाइकिल एवं नकदी बरामदगी से संबंधित मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी उ0नि0 अरुण कुमार द्वारा साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में इस प्रकरण की सतत निगरानी की गई। थाना सैफई पुलिस टीम, पैरोकार कांस्टेबल गुलाब सिंह, मानीटरिंग टीम तथा एडीजीसी गौरव दीक्षित द्वारा गवाहों व अन्य साक्ष्यों को समय–समय पर न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए सशक्त पैरवी की गई। न्यायालय एडीजे–3/डकैती कोर्ट इटावा.ने सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त बब्लू उर्फ जितेंद्र पुत्र रन सिंह, निवासी भूटा रम्पुरा, थाना चौबिया को 07 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# एसएसपी की व्यापारियों संग बैठक, बाजार सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर मंथन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ जनपद में बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के .ष्टिगत गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें व्यापारी बंधुओं से वार्ता कर बाजारों में रहने वाली भीड़ तथा सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान रखने के कारण यातायात में उत्पन्न होने वाली बाधा एवं उसके निस्तारण के संबंध में वार्ता कर आपसी समन्वय से शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने की अपील की गई। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी व्यापारियों की समस्या सुनी गई व उनके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया, व्यापारियों एवं उनके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के .ष्टिगत प्रतिष्ठानों दुकानों पर सीसीटीवी कैम्रे लगाने के बारे में वार्ता कर व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल संबंधित थाना पुलिस एवं उच्चाधिकारियों को सूचित करने हेतु अवगत कराया गया। गोष्ठी के दौरान पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# नेहरु युवा केन्द्र ने की दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। फतेहपुर मडाव के तरूण इण्टर कालेज कुण्डा कुचाई के प्रांगण में नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ लालचन्द्र ने कहा कि इस खेल के आयोजन से खिलाडियों में बौद्धिक विकास बहुत तेजी से होता है और फिर उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना से खेले तो उनमें सामाजिक जीवन की जीने की शैली में रुचि बढ़ जाती है। दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में 400 मीटर की दौड़,100 मीटर दौड़, कबड्डी, बालीवाल, ऊंची कूद, लम्बी कूद इत्यादि अनेक खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में कुण्डा कुचाई ने अपने प्रतिद्वंद्वी पकड़ी बुजुर्ग को 25–10 के मुकाबले में जीत दर्ज कर लिया। वालीवाल के मुकाबले में मखमेलपुर ने मदीना के 15–0 के मुकाबले जीत दर्ज की। 100 भी की दौड़ में रंजना चौहान प्रथम, सोनी शर्मा द्वितीय, निशा कुमारी ने तृतीय स्थान पर रही। 400 मी के दौड़ में अनिकेत यादव प्रथम, विवेक, द्वितीय, अजय तृतीय स्थान पर रहे। लम्बी कूद में भी रंजना चौहान प्रथम, मीना चौहान द्वितीय, शोभा चौहान तृतीय स्थान पर रही। इस कार्यक्रम को आयोजक अर्जुन कुमार राव, रहे। इस अवसर पर तरूण इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार यादव, नरेन्द्र कुमार उप प्रधानाचार्य, मनोज कुमार यादव, डॉ लालचन्द्र समाजसेवी, बृजेश एडवोकेट, मनोज कुमार पूर्व प्रधान सद्दोपुर, तारकेश्वर पाण्डेय, रामाकांत, संचालन मनोज कुमार के द्वारा किया गया।

# धोखाधढी से जमीन हड़पने का लगा आरोप



न्यूज वाणी ब्यूरो

तम्बौर, सीतापुर। कस्बे में पुष्तैनी जमीन में सौतेली दादी ने अपनी बहन के बड़े लड़के के पुत्रों के नाम गायब करके दो गाटो की जमीन को बिक्री कर दी दूसरा गाटा अपने लड़के के नाम दान कर दिया। इस सम्बंध में बैनामा निरस्तीकरण का सिविल कोर्ट एसडीएम कोर्ट में वाद दायर लंबित चल रहा है। मोहल्ला नवाब साहब पुरवा के हाजी मदार अली पुत्र बक्शी की अहमदाबाद में पारिवारिक गाटा संख्या 650,651 साढ़े 5 बीघा जमीन हरिजन की भूमि चन्द्रिका के नाम से अंकित थी। चन्द्रिका के पास प्रयाप्त भूमि ना होने से परमिशन की प्रक्रिया पूरी ना हो पाने से भूमि का स्थानांतरण नही हो पाया। हाजी मदार अली के निधन के बाद पहली पत्नी बड़े पुत्र हाजी जहीर अहमद के जीवन काल मे भूमि की देखरेख में परिवीरक कब्जा बना रहा। बड़े लड़के के निधन के बाद से दूसरी पत्नी मुन्नी बेगम ने अपनी बड़ी बहन के दो लड़के जमील अहमद शफीक अहमद अपने लड़के रफीक अहमद नफीस अहमद रईस अहमद उर्फ गुड्डू भाइयों के साथ मिलकर चोरी छिपकर मृतक बड़े लड़को के पुत्रों को बिना बताए जमीन को चन्द्रिका के लड़कों से .ष्ण कुमार से ट्रांसफर कराकर उसका परमीशन बनवा कर जमीन को नफीस पुत्र हनीफ निवासी अहमदाबाद गंज के नाम गाटा संख्या 651 को बैनामा कर दिया। गाटा 650 को अपने पुत्र नफीस अहमद पुत्र हाजी मदार अली को दान कर दिया। उस जमीन पर विपक्षियों द्वारा प्लाटिंग करना शुरू किए जाने के बाद मृतक हाजी मदार अली की जमीन में हेराफेरी का मामला जब बड़े पुत्र हाजी जहीर अहमद के पुत्रों को चली तो बहमी हिस्से लेने की मांग की लेकिन विपक्षीगणों ने बड़े लड़के के पुत्रो को हिस्सा देने से मना कर दिया। दादा की जमीन में पोते का हिस्सा ना मिलने से सीतापुर सिविल कोर्ट एसडीएम न्यायालय में बैनामा निरस्तीकरण हिस्सा दर्ज कराने का वाद दायर कर दिया गया। न्यायालय में वाद दायर होने के बाद सुहैल अहमद द्वारा थाने में प्रार्थना पत्र दिया गए लेकिन पुलिस ने इस मामले में हिस्सा दिलाए जाने की मांग पर सुनवाई ना करते हुए न्यायालय में कहकर टाल दिया। विपक्षीगणों धनबल के होने से नफीस अहमद हसीब अहमद ने सुहैल अहमद उसके भाई को धमकियां देना शुरू कर दिया। पुलिस ने इस मामले में एक पक्षीय को चालान कर दिया।

# जनता इंटर कालेज में गूँजा सड़क सुरक्षा का संदेश



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन पर सीओ यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में यातायात से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया।

बताते चलें यातायात जागरूकता माह नवंबर के अंतर्गत जनता इंटर कॉलेज अशोक नगर, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी अंतर्गत यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह के नेतृत्व में भव्य यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यातायात टीम के कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार, एवं होमगार्ड आक्रोश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत चित्रकला प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्र–छात्राओं ने सड़क सुरक्षा, संकेत चिन्ह, हेलमेट–सीट बेल्ट के महत्व तथा ट्रैफिक नियमों पर रचनात्मक पोस्टर तैयार किए। इसके बाद यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाना, तेज रतार, ओवरलोडिंग, मोबाइल चलाते हुए ड्राइविंग दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं। उन्होंने ट्रैक्टर व भारी वाहनों में रेड रिलेक्टर टेप लगाने के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान रेडियो डमरू की विशेष जागरूकता प्रस्तुति ने छात्रों का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह द्वारा पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। उन्होंने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थी समाज में सबसे तेज जागरूकता फैलाने की क्षमता रखते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार एवं होमगार्ड आक्रोश कुमार ने भी छात्रों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदु बताए। विद्यालय प्रबंधन ने यातायात टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# भगवान की लीलाएं तर्क से परे, भक्तिव विश्वास से सुनें : आचार्य शांतनु

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदर्शनी पंडाल में सेवा भारती के सेवा कार्यों के सहायतार्थ हो रही श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस के प्रसंग में आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि इस धरा धाम पर जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते हैं, तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तों को उनके संताप से मुक्त करते हैं।उन्होंने कहा कि भगवान की सगुन लीलाओं को भक्ति व विश्वास से सुनना चाहिए। उनकी लीलाओं में कोई भी दोष नहीं है। इसमें तर्क का कोई स्थान नही है। राम अतर्क्य बुद्धि बर बानी। राम तर्क से बिल्कुल परे हैं। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा के क्रम में पूज्य श्री ने प्रभु के जन्म के अनेक कारणों को सुनाया।महाराज जी ने कहा कि भगवान की ये घोषणा है कि जो भी भक्त सब कुछ त्याग कर उनका भजन करते है प्रभु उनकी रक्षा उसी प्रकार करते है जैसे माँ अपने बच्चे की रक्षा करती है। मनु एवं शतरूपा के प्रसंग को सुनाते हुए महाराज ने कहा कि मनु महाराज ने जीवन के अंतिम समय मे सब कुछ त्याग कर हरि भजन का मार्ग चुना। हम सब का भी यही दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए भगवान के भजन में मन लगाएं। देवताओ की करुण पुकार को सुनकर भगवान ने सबको आश्वासन दिया कि मैं अब नर रूप में धरती पर अवतरित होने वाला हूं। सभी देवता प्रभु की जयजयकार करने लगे। गोस्वामी ने अयोध्या की महिमा को गाया है। सम्पूर्ण अयोध्यावासी भगवान की आराधना कर रहे है और गोस्वामी जी ने भगवान के जन्म की तिथि घोषित कर दी। पूरे अयोध्या में बधाईया बजने लगी। दसरथ जी मगन होकर प्रजाजनों को न्योछावर करने लगे और पूरा वातावरण राममय हो गया। कथा के अंत में मुख्य यजमान मोहित दुबे एवं रूबी दुबे ने आरती की। इस अवसर पर कालीबाड़ी के महंत सुबोधानंद जी महाराज, सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री गजेन्द्र, प्रांत सह सेवा प्रमुख संतोष, संघ के विभाग प्रचारक यशवीर, मनोज विभाग प्रचारक झांसी, कार्यक्रम संयोजक डा. रमाकांत शर्मा, सह संयोजक विमल भदौरिया, डा. केएस भदौरिया उनकी धर्मपत्नी साथ रहे

# सिविल लाइन पुलिस के हत्थे चढ़ा अभियुक्त



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटाव। थाना सिविल लाइन पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को मात्र चार घण्टे के अन्दर छिनैती की घटना कारित करने वाले एक अभियुक्त को पुलिस द्वारा गिरतार किया गया। कब्जे से 01 मोबाइल, 01 पर्स (छीना हुआ) बरामद किया गया। बताते चलें कि सोनम चौधरी पत्नी हर्षित चौधरी निवासिनी पंजाबी कालोनी रेलवे लाइन थाना फ्रेण्डस कालोनी द्वारा थाना सिविल लाइन पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि मंगलवार की सायं 07.00 बजे के करीब साईं मन्दिर के आगे ओवर ब्रिज के पास 02 मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा उसका पर्स छीन लिया गया। सूचना पर तत्काल थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 226/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजी.त किया गया। एसएसपी के दिये गये निर्देशों के क्रम में बुधवार को थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा लोहन्ना चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 02 रेलवे अण्डर ब्रिज के पास बिना नम्बर प्लेट मोटर साइकिल लिये खड़े हैं जो संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये विकास कंजड़ उर्फ तूफान पुत्र किशन पाल कंजड़ निवासी कोकपुरा थाना फ्रेण्डस कालोनी को मोटर साइकिल सहित गिरतार किया गया। अभियुक्त अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसकी गिरतारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। पकड़े गये व्यक्ति से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 रियलमी मोबाइल, 01 पर्स बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि यह मोबाइल मैंने अपने साथी रमन पुत्र अशोक गिहार के साथ मिलकर लगभग 05 माह पूर्व स्टेशन बजरिया के पास .ष्णा बेकरी से छीना था। जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 85/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजी.त है। बरामद पर्स के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह पर्स उसने कल 01 महिला से साईं मन्दिर के पास से छीना था जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 226/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजी.त है। बरामद उक्त मोटर साइकिल को अन्तर्गत एमवी एक्ट की धारा 207 में सीज किया गया। अभियुक्त विकास कंजड़ उर्फ तूफान पर पूर्व से सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में निरी0 सुनील कुमार सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ0नि0 संजय सिंह, उ0नि0 संजय यादव ,हे0का0 जीतू सिंह, का0 रामनरेश, का0 रंजीत सिंह, का0 गोपाल पाठक शामिल रहे।

# स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो



मऊ। स्थापना दिवस को भव्य पूर्ण ढंग से कम्युनिटी हाल में मनाया गया। जनपद के स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्.तिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय एवं जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मऊ को एक अलग जनपद के रूप में 19 नवंबर 1988 को स्थापित किया गया था। इसे आजमगढ़ जिले से अलग करके बनाया गया। स्थापना से पहले मऊ जनपद आजमगढ़ जिले का एक हिस्सा था जिसमें मोहम्मदाबाद, घोसी और मऊ तहसीलों का क्षेत्र शामिल था। इस नए जिले के निर्माण में तात्कालिक केंद्रीय राज्यमंत्री कल्पना राय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बाद में मऊ में एक नई तहसील मधुबन का सृजन किया गया। मऊ स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्.तिक कार्यक्रम में सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज बच्चियों, राज इंटर कॉलेज की बच्ची मोनिका भारद्वाज द्वारा कत्थक गीत प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में पंजी.त कलाकार बृजराज चौहान एवं रामचंद्र यादव द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया। मा. जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम मऊ का 37 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। आज से 37 वर्ष पूर्व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के तात्कालिक मुख्यमंत्री नरेंद्र तिवारी जी के नेतृत्व में केंद्रीय राज्य मंत्री कल्पनाथ राय जी के प्रयासों से मऊ जनपद निर्माण किया गया था। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कल्पनाथ राय जी का सपना था कि आजमगढ़ के सबसे पिछड़े क्षेत्र को एक अलग जनपद बनाया जाए एवं यहां के लोगों को जिन चीजों जैसे कचहरी, कलेक्ट्रेट, ओवर ब्रिज आदि की आवश्यकता है उसका निर्माण किया जाए। माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय श्री कल्पना राय जी ने शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत काम किए। उन्होंने इंजीनियरिंग, मेडिकल के क्षेत्र में भी जनपद को आगे बढ़ाने के लिए अनेक प्रयास किए परंतु उनके देहांत के बाद विकास की गति रुक गई एवं माफियाओं का राज हो गया। एक बहुत अरसे के बाद देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार बनने के बाद विकास का पहिया तेजी से चला है। उन्होंने कहा कि अपने जनपद के लाल माननीय ए.के. शर्मा जी के नेतृत्व में हमारा जनपद लगातार आगे बढ़ रहा है। विकास कार्यों सहित अन्य कार्यों में जनपद का स्थान प्रदेश स्तर द्वारा जारी रैंकिंग में ठीक आने पर उन्होंने जिलाधिकारी एवं सभी संबंधित अधिकारियों को शुभकामनाएं दी तथा सभी छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका जीवन में आगे बढ़ाने की भी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी उमेश चंद्र तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बच्चे उपस्थित रहें।

# नसीबुन को बड़ी जिम्मेदारी, बलहा ब्लाक में पीडीए प्रभारी नियुक्ति



न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। समाजवादी पार्टी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नसीबुन निसा को बलहा ब्लाक में पीडीए प्रभारी के रूप में नियुक्त किया है। नसीबुन निसा इससे पहले नगर पालिका परिषद नानपारा की अध्यक्ष रह चुकी हैं और वर्तमान में समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हैं।

नसीबुन निसा ने बताया कि पीडीए के रूप में, उन्हें लोगों को जागरूक करने के लिए नियुक्त किया गया है। वह मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, मतदान केंद्र के स्थान, और मतदान के समय के बारे में जानकारी देंगी। 12 नवंबर को समाजवादी पार्टी कार्यालय उत्तर प्रदेश 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ में एक मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नसीबुन निसा को बलहा ब्लॉक में पीडीए प्रभारी के रूप में नियुक्त किया। नसीबुन निसा ने कहा कि वह बलहा ब्लॉक के मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी मतदाता को वोटर लिस्ट में कोई परेशानी है या एसआईआर के संबंध में कोई समस्या है, तो वे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उनका फोन नंबर 7311105050 है, और वे हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगी।

# इकदिल थाना क्षेत्र में महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना इकदिल की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना इकदिल क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर में जाकर महिलाओं, बालिकाओं एवं ग्रामीण नागरिकों के मध्य साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीम द्वारा उपस्थित लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया स्कैम, डीपफेक वीडियो, ठगी आदि से बचाव के उपाय बताए गए तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल रिपोर्ट करने की अपील की गई।

# सेवानिवृत्ति पुलिस कर्मचारी के खाते में धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई। सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी के खाते से चौक के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले एक अभियुक्त को पुलिस द्वारा गिरतार किया गया। कब्जे से धोखाधड़ी कर अर्जित किये गये 2,73,500 रूपये बरामद किए गए।

बताते चलें कि भगवान दास पुत्र बरमजीत निवासी न्यू विजय नगर थाना फ्रेण्डस कालोनी द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि उसका बैंक खाता स्टेट बैंक की रामनगर शाखा में 04 नवंबर को उसके मोबाइल पर मैसेज प्राप्त हुआ कि वादी के बैंक खाते से चौक के माध्यम से किसी व्यक्ति द्वारा 3,20,000 रूपये निकाल लिये गये हैं जिस पर वादी के द्वारा उसके द्वारा चौक बुक को चैक किया गया तो उसमें से क्रमांक–25 का चेक निकला हुआ था। सूचना पर तत्काल थाना फ्रेण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 361/2025 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस पंजी.त किया गया। थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 361/2025 के सम्बन्ध में हुयी धोखाधड़ी के सम्बन्ध में बैंक में लगे सीसीटीवी, बैंक कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही थी तो सिक्योरिटी गार्ड संजीव कुमार निषाद की गतिविधि संदिग्ध प्रतीत होने पर गिरतार किया गया। पुलिस टीम द्वारा सिक्योरिटी गार्ड संजीव कुमार निषाद से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि 14 अक्टूबर को जब वह ड्यूटी पर था इसी दौरान भगवानदास नामक व्यक्ति चेक के माध्यम से अपने एकाउन्ट से पैसे निकालने आया तभी मैंने मौका पाकर उसकी चौक बुक से एक चौक निकाल लिया तथा उसके हस्ताक्षर का फोटो खींच लिया। जिसके उपरान्त मैंने अपने साथी अमित जाटव जो हरियाणा में काम करता है उसको अपने पास बुलाया तथा उसे पूरी घटना बताकर उससे कहा कि अगर वह भगवानदास के हस्ताक्षर बना दे तो हम लोग बड़ी रकम निकाल सकते हैं जिस पर 04 नवंबर को अमित जाटव व भगवानदास के हस्ताक्षर बनाकर उसके खाते से 3,20,000 रूपये निकाल लिये। जिसके उपरान्त 2,80,000 रूपये मैंने रखे तथा 40,000 रूपये लेकर अमित जाटव हरियाणा चला गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की निशादेही के आधार पर 2,73,500 रूपये बरामद किये गये। अभियुक्त से पूछताछ के आधार पर अमित जाटव पुत्र राकेश जाटव निवासी ग्राम मोढी थाना भरथना का नाम प्रकाश में आया जिसकी गिरतारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। गिरतार अभियुक्त ने अपना नाम संजीव कुमार निषाद पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम कुनैडी थाना भरथना हाल निवासी नर्सरी वाली गली शिवपुरी शाला थाना फ्रेण्डस कालोनी बताया। पुलिस टीम में उ0नि0 अमित मिश्रा थानाध्यक्ष फ्रेण्डस कालोनी, उ0नि0 शंकरानन्द, का0 मनोज, का0 राजकुमार मय टीम शामिल रहे।

# रमपुरवा गांव में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन तेजवापुर ब्लाक के ग्राम पंचायत रमपुरवा में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय रहें।

शिविर में आयुष चिकित्सक डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डा. पवन वर्मा, डा. मनीष शुक्ला व डा. संदीप वर्मा द्वारा 160 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी गई। शिविर में मरीजों की खून जांच शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, नाप की जांच की गई। इस मौके पर महेंद्र शुक्ला, गुरू प्रसाद शुक्ला, राबिया, अंकित प्रजापति, अशन, नूर आलम, अमित, वीरेंद्र, सुनील, अंजली, आराध्या, प्रीति, धर्मेंद्र शुक्ला, अरुण कुमार, नितेश अवस्थी, प्रधान पंकज पाठक, गुड्डू अवस्थी, गंगेश अवस्थी अन्य मौजूद रहे।

# नर्स से दुष्कर्म करने वाले 4 आरोपियों पर लगेगा गैंगस्टर

प्रयागराज(संवाददाता )। बीती 16 अगस्त को कर्जन ब्रिज के नीचे एक नर्स से दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने के मामले में गिरफ्तार चारों आरोपितों पर अब गैंगस्टर एक्ट लगाया जाएगा। फाफामऊ पुलिस ने आरोपितों के आपराधिक रिकॉर्ड और घटना की गंभीरता को देखते हुए यह कार्रवाई शुरू की है। गैंगस्टर एक्ट लगने से आरोपितों पर कानूनी शिकंजा और कस जाएगा।

पीड़िता फाफामऊ क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में नर्स के तौर पर कार्यरत थी। 16 अगस्त की रात करीब 8रू30 बजे वह अपने ब्वायफ्रेंड के साथ शहर जा रही थी। कर्जन ब्रिज पर स्कूटी रोकने के बाद जब ब्वायफ्रेंड टायलेट के लिए गया, तभी दो युवक वहां पहुंचे और नर्स को जबरन नीचे की ओर घसीटने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उसके ब्वायफ्रेंड को पीटा और भगा दिया। आरोपितों ने नर्स को कर्जन ब्रिज के नीचे ले जाकर दुष्कर्म किया और उसके साथ मारपीट भी की। इसी दौरान उनके दो अन्य साथी भी मौके पर आ गए। पीड़िता को धमकाकर वे उसे बाइक पर बैठाकर ले गए। शांतिपुरम चौराहे से पहले वीबीएस स्कूल के पास एक युवक बाइक से उतर गया, जबकि दूसरा आरोपित नर्स को एक निजी अस्पताल के पास छोड़कर फरार हो गया।

घटना के बाद फाफामऊ पुलिस ने दुष्कर्म, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में चार अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस जांच के दौरान हिमांशु सरोज (निवासी बजहा, थाना नवाबगंज) और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया गया।

# कल्याणकारी योजनाओं से श्रमिकों को मिल रही सामाजिक सुरक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश श्रमशक्ति के मामले में समृद्ध प्रदेश है। प्रदेश में श्रमिकों कामगारों कारीगरों की भारी मात्रा में संख्या है। श्रमिकों के कल्याण के लिए उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा अनेकों योजनायें संचालित करते हुए उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित ई–श्रम पोर्टल पर आरम्भ से अब तक 8,39,79,219 श्रमिक पंजी.त है। ई–श्रम पोर्टल पर पंजी.त असंगठित श्रमिकों के संख्या के आधार पर उ.प्र. देश में प्रथम स्थान पर है। ई–श्रम एक्स ग्रेसिया श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना संख्या–एफ–एनओ–एम–16011ध 34ध 2021–एसएस–3(127162) 24 अगस्त 2023 द्वारा 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 के मध्य ई–श्रम पोर्टल पर पंजी.त असंगठित श्रमिकों के हितार्थ ई–श्रम एक्स ग्रेसिया माडयूल लागू किया गया है। इस माड्यूल के अन्तर्गत किसी दुघर्टना में मृत हुये श्रमिक के आश्रितों को रूपये 02 लाख तथा दिव्यांगता प्राप्त श्रमिकों को रूपये 1 लाख से 2 लाख तक हितलाभ दिये जाने की व्यवस्था है। ई–श्रम एक्स ग्रेसिया माड्यूल के अन्तर्गत उ.प्र. में 03 अगस्त 2025 तक कुल 357 आवेदन पत्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुये है उक्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अब तक 205 आवेदन पत्रों पर अनुदान भुगतान की स्वी.ति दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा असंगठित कामगारों हेतु संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन (पीएमएसवाईएम) योजना के अन्तर्गत असंगठित श्रमिक की आयु 60 वर्ष पूर्ण होने पर वृद्धावस्था की स्थिति में न्यूनतम 3,000 रूपये प्रतिमाह पेंशन दिये जाने का प्राविधान है। योजना के अन्तर्गत 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु के असंगठित श्रमिक पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। उ.प्र. में 03 अगस्त 2025 तक कुल 6,95,986 श्रमिकों द्वारा प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधान योजना के अन्तर्गत पंजीयन कराकर वृद्धावस्था पेंशन हेतु सामाजिक सुरक्षा प्राप्त की जा चुकी है। नेशलन पेंशन स्कीम–ट्रेडर्स योजना श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वरोजगारियों एवं लघु व्यापारियों हेतु संचालित एन.पी.एस.–ट्रेडर्स योजना के अन्तर्गत स्वरोजगारियों एवं लघु व्यापारियों की आयु 60 वर्ष पूर्ण होने पर वृद्धावस्था की स्थिति में न्यूनतम 3000 रूपये प्रतिमाह पेंशन दिये जाने का प्राविधान है। योजना के अन्तर्गत 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु के स्वरोजगारी एवं लघु व्यापारी पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। उ.प्र. में दिनांक 03 अगस्त 2025 तक कुल 15747 स्वरोजगारियों एवं लघु व्यापारियों द्वारा एन.पी.एस. ट्रेडर्स योजना के अन्तर्गत पंजीयन कराकर वृद्धावस्था पेंशन हेतु सामाजिक सुरक्षा प्राप्त की जा चुकी है। असंगठित श्रमिकों को फेमिली आई.डी. उपलब्ध कराने की कार्यवाही उत्तर प्रदेश राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड द्वारा उ.प्र. के समस्त ई–श्रम कार्ड धारक 83128860 असंगठित श्रमिकों को एक परिवार एक पहचान पत्र (विशिष्ट पहचान पत्र) फैमिली आई–डी उपलब्ध कराये जाने हेतु उनका सम्पूर्ण डाटा ए.पी.आई. के माध्यम से राज्य नियोजन विभाग को 23 जुलाई 2024 को उपलब्ध कराया गया है। राज्य नियोजन विभाग के माध्यम से उ.प्र. के कुल 70836074 ई श्रम कार्ड धारक अंसगठित श्रमिको को फेमिली आई–डी उपलब्ध कराई गयी। यह संख्या पात्र श्रमिको के 100 प्रतिशत के समतुल्य है। असंगठित श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के ई–श्रम पोर्टल पर पंजी.त उ०प्र० के कुल 83128860 श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित किये जाने के उद्देश्य से खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य कराया गया तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत पात्र किन्तु अनाच्छादित कुल 3518830 श्रमिकों को राशनकार्ड उपलब्ध कराते हुये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादन दिलाया गया। इस प्रकार पूर्व आच्छादन को सम्मिलित करते हुये प्रदेश के कुल 70836074 असंगठित श्रमिक उक्त अधिनियम के अन्तर्गत पात्र पाये गये है और समस्त पात्र श्रमिको को खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से राशनकार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। प्राप्त राशनकार्डों से श्रमिक, निर्धारित मानक के अनुसार अपना राशन निःशुल्क प्राप्त कर रहे है।

# सदर विधायक खेल स्पर्धा का हुआ भव्य शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। युवा कल्याण विभाग एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा सांसद एवं विधायक खेल स्पर्धा के अंतर्गत सदर विधानसभा विधायक स्पर्धा का आयोजन खेल मैदान वीवीपुर रतनपुरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दर्शना सिंह राज्यसभा सांसद एव विधायक/सांसद खेल स्पर्धा के शासन द्वारा नामित नोडल के द्वारा तिरंगे गुब्बारे को आकाश में छोड़ कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ सांस्.तिक नृत्य किया गया। नोडल द्वारा खिलाड़ीयो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में छुपे हुए प्रतिभा को उजागर करने का है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा रामाश्रय मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, अशोक सिंह पूर्व विधायक प्रत्याशी सदर, ब्लाक प्रमुख श्री.ष्णा राजभर, नेहरु इंटर कालेज रतनपुरा के प्रधानाचार्य एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। 400 मीटर जूनियर वर्ग में महिला स्नेहा प्रथम, राधा द्वितीय, रिया राजभर तृतीया फुटबॉल विद्या में स्टेडियम की टीम ने प्रथम बाजी मारी। कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, जिला क्रीड़ाधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, विंनु कुमार सिंह, मुस्ताक, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, खेल प्रशिक्षक सहेंद्र सिंह एवं उनकी टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम का संचालन सहेंद्र, राममूरत, रामदेव पासवान द्वारा किया गया।

# डीएम ने जनपद स्तरीय पोषण समिति की ली बैठक



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 24–25 हेतु निर्माणधीन आंगनबाड़ी केंद्रों में अभी भी क्रमशः 9–9 स्थानो पर आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य प्रारंभ न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को शीघ्र ही सारे स्थान पर निर्माण कार्य प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण करने के निर्देश दिए, अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। 2023–24 हेतु जिन विकास खण्डों में अभी भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उनमें रानीपुर के दो, दोहरीघाट के तीन, बड़राव के दो तथा रतनपुरा एवं फतेहपुर मंडाव के एक–एक गांव शामिल है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी रानीपुर के चार, रतनपुरा के दो, कोपागंज, मोहम्मदाबाद गोहना एवं दोहरीघाट के एक–एक स्थान पर कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। बाल विकास परियोजना कार्यालयों के मरम्मत कार्य की समीक्षा के दौरान विकास खंड रानीपुर एवं रतनपुरा में धन प्रेषित करने के उपरांत भी कार्यदाई संस्था द्वारा फिनिशिंग का कार्य अभी भी पूर्ण नहीं किया गया है। जिलाधिकारी ने शीघ्र ही फिनिशिंग कार्य पूर्ण कर परियोजना को हस्तांतरित करने के निर्देश कार्यादाई संस्था को दिए। वित्तीय वर्ष 2025– 26 में आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की प्रस्तावों की समीक्षा के दौरान अभी तक समस्त विकास खण्डों से कुल 24 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की व्यवस्था की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने समस्त सीडीपीओ को खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा के दौरान अभी भी कुछ स्थलों पर कार्य पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को इसे शीघ्र पूर्ण करने को कहा। इसके अलावा समस्त नॉन को लोकेटेड केंद्रों पर गैस सिलेंडर, पाइप, रेगुलेटर और लाइटर की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। नॉन को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर हॉट कुक्ड वितरण की सूचना के दौरान इस माह हॉट कॉक वितरण कम पाए जाने पर उन्होंने छात्रों की उपस्थिति बढ़ाते हुए इसमें वृद्धि करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रोजेक्ट वाइज मेजरिंग एफिशिएंसी में पिछले तीन महीना में पोषण ट्रैक्टर पर डाटा ठीक ना पाए जाने पर उन्होंने समस्त सीडीपीओ को सही डाटा फीड करने तथा उसकी नियमित निगरानी के भी निर्देश दिए। फेशियल पहचान व्यवस्था के तहत उपस्थित एवं पोषाहार वितरण की समीक्षा के दौरान मोहम्मदाबाद गोहाना में मात्र 81.5 प्रतिशत फेस मैचिंग एवं पोषाहार वितरण पर जिलाधिकारी ने संबंधित सीडीपीओ को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एन आर सी में गत माह मात्र चार अति कुपोषित बच्चे भर्ती कराए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त सीडीपीओ को व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अति कुपोषित बच्चों को उनके परिवार से समन्वय स्थापित कर एन आर सी में भर्ती कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को शासनादेश के अनुसार एनआरसी में भर्ती बच्चों को भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह, समस्त सीडीपीओ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार सहित अन्य संबंधित आधिकारी उपस्थित रहे।

# त्रिस्तरीय मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम हुआ संशोधित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में निर्धारित की गई समयसारिणी में आंशिक संशोधन कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार ड्राट नामावलियों की कम्प्यूटरी.त पाण्डुलिपि तैयार करने का कार्य (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही) 14 अक्टूबर से 10 दिसम्बर तक, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र, स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि का कार्य 11 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक पूर्ण कर अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन 23 दिसम्बर को किया जायेगा। आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण 24 से 30 दिसम्बर तक किया जा सकता है तथा दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने का कार्य 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर, 2025 तक किया जायेगा इस दौरान 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी दावे स्वीकार किये जाएंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 31 दिसम्बर 2025 से 06 जनवरी 2026 तक किया जाना तथा दावेध्आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि 07 जनवरी से 12 जनवरी, 2026 तक पूर्ण किया जायेगा। संशोधित समयसारिणी के अनुसार दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही 13 जनवरी से 29 जनवरी, 2026 तक की जायेगी तदोपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्रध्स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिंग मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि का कार्य 30 जनवरी से 05 फरवरी जनवरी 2026 तक पूर्ण कर निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 06 फरवरी को किया जाएगा।

# अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक में पदाधिकारियों का चयन

प्रयागराज(संवाददाता )। जगत तरण गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज अभिभावक–शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों एवं महाविद्यालय प्राध्यापकों के मध्य संवाद को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अशिमा घोष द्वारा किया गया। उन्होंने अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति हेतु सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों को महाविद्यालय से संबंधित अपने सुझाव एवं अभिमत साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा प्रस्तुत मुद्दों के समाधान के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संयोजन अभिभावक–शिक्षक संघ की प्रभारी डॉ. अजीता ओझा द्वारा किया गया।

बैठक के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया भी संपन्न हुई, जिसमें अभिभावकों को विभिन्न पदों के लिए नामित कर निर्वाचित किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पद पर श्रीमती हरप्रीत कौर उपाध्यक्ष संजय सिंह सचिव लक्ष्मी शंकर अग्निहोत्री उप–सचिव श्रीमती पुष्पा द्विवेदी सह सचिव श्रीमती निशा त्रिपाठी और कोषाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा देवी चुनीं गईं।

इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय की मुख्य प्रॉक्टर डॉ. शिखा दीक्षित ने भी अभिभावकों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के नियम विनियमों की जानकारी प्रदान की तथा परिसर में अनुशासन एवं उत्तरदायी आचरण के महत्व पर बल दिया।अंत में, प्राचार्या प्रो. अशिमा घोष ने सभी अभिभावकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया, जिसके उपरांत अल्पाहार की व्यवस्था की गई।इस अवसर पर प्रो. रतन कुमारी वर्मा, प्रो. शिखा दीक्षित, प्रो. अंशुमाला मिश्रा, डॉ. अंकिता चतुर्वेदी, डॉ. अंजलि शिवहरे, डॉ. प्रमा द्विवेदी, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. ऐश्वर्या सिंह, डॉ. मधुरी राठौर, डॉ. फातिमा नूरी, डॉ. सुकृति मिश्रा, डॉ. निर्मला गुप्ता, डॉ. आयुषी अग्रवाल तथा डॉ. स्नेहा सिंह आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# योगी सरकार के प्रयासों ने बदली महिला चिकित्सा सेवाओं की तस्वीर

प्रयागराज(संवाददाता )। मुख्यमंत्री की दूरदर्शी योजनाओं से उत्तर प्रदेश के जान जीवन में लगातार सुधार हो रहे हैं। इसी कड़ी में गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सरकार सतत प्रयास कर रही है। जननी सुरक्षा योजना इसी का एक हिस्सा है जो संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देती है जिससे मातृ और नवजात मृत्यु दर में तेजी से कमी आई है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के विभिन्न अभिनव प्रयासों से प्रदेश में प्रयागराज मंडल इसमें अग्रणी रहा है।उत्तर प्रदेश में शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। इससे मातृ दर और नवजात मृत्यु दर में कमी आई है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के जननी सुरक्षा योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रथम संदर्भ इकाई ( एफआरयू ) माना गया है। यही एफआरयू यह ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसव के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचा और सुविधाएँ प्रदान करता है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रयागराज के मंडलीय परियोजना प्रबंधक हरित सक्सेना बताते हैं कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रयागराज मंडल के 19 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रसव सुविधा होने के कारण इन्हें प्रथम संदर्भन यूनिट (एफआरयू) बनाया गया । वित्तीय वर्ष 2024–25 के सापेक्ष 2025–26 में 1017 ऑपरेशन अधिक हुए हैं। 2024–25 में जहां 552 ऑपरेशन हुए थे, वहीं इस वित्तीय वर्ष में यह संख्या अक्टूबर तक बढ़कर 1569 हो गयी है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में 1 अप्रैल, 2025 से 20 अक्टूबर, 2025 तक जनपद प्रयागराज में सर्वाधिक 689, प्रतापगढ़ में 428 कौशाम्बी में 285 जनपद फतेहपुर में 167 सुरक्षित सीजेरियन प्रसव कराए गए हैं। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बुनियादी अवसंरचना में सुधार किया है। सभी जनपदों में शहरी क्षेत्र की सुविधाओं का दबाव कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक केंद्रों की स्थापना की गई है। मंडल में 19 सामुदायिक केंद्रों की स्थापना के बाद यहां चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की प्राथमिकता में तैनाती की गई है। ऑपरेशन की सुविधाओं का विस्तार किया गया है। ऑन लाइन डॉक्टर्स की सुविधा भी पहली बार इन क्षेत्रों में की गई है। इन्ही अभिनव प्रयासों के चलते मण्डल के जनपदों के एफआरयू पर सीजेरियन ऑपरेशन की संख्या में वृद्धि हुई है। इसी के साथ ही मातृ–शिशु स्वास्थ्य प्रणाली की गुणवत्ता के एक और मापक सी सेक्शन रेट में भी मंडल में भारी कमी आई है। प्रसव के कुल ऑपरेशन में सिजेरियन ऑपरेशन का प्रतिशत ही सी सेक्शन रेट है जो यह बताता है कि अस्पतालों में प्रसव सेवाएँ कैसी हैं

# डीएम ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानी हकीकत - बेहतर प्रगति पर सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों को दी शाबाशी



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी प्रवीण मिश्र ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की असलियत जानने हेतु विधानसभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहाना स्थित मतदान केंद्र कंपोजिट विद्यालय बड़ागांव स्थित बूथों पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों से इस कार्यक्रम की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। इसके अलावा संबंधित सुपरवाइजर के पर्यवेक्षण में आने वाले अन्य बूथ लेवल अधिकारियों से भी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली।कंपोजिट विद्यालय बड़ागांव स्थित 5 बूथों, जिनमें बूथ संख्या 152, 153,154, 155, 156 के अलावा बूथ संख्या 157, 158, 159,160, 161 पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की भी जानकारी जिलाधिकारी द्वारा ली गई। ये सभी बूथ एक ही सुपरवाइजर के अंतर्गत आते हैं। इस दौरान सुपरवाइजर धर्मराज चौहान द्वारा बेहतर पर्यवेक्षण एवं निगरानी के कारण समस्त संबंधित बूथों पर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति बहुत अच्छी मिली। बूथ लेवल अधिकारी राणा प्रताप यादव द्वारा 40: मतदाताओं का डिजिटाइजेशन भी किया जा चुका था।इसके अलावा एक अन्य बूथ लेवल अधिकारी मोहम्मद नुरुल्लाह द्वारा कुल मतदाताओं के सापेक्ष 80: फिजिकल मैपिंग करने के साथ ही साथ पांच प्रतिशत डिजिटाइजेशन का भी कार्य पूर्ण हो चुका था। जिलाधिकारी ने संबंधित सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारी राणा प्रताप यादव एवं मोहम्मद नुरुल्लाह को कार्यक्रम में बेहतर प्रगति के कारण शाबाशी भी दी। अन्य बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति भी संतोषजनक थी। इस हेतु उन्होंने सुपरवाइजर को विशेष तौर पर शाबाशी दी। साथ ही आगे भी सारे कार्य समय सीमा के पहले ही पूर्ण करने को कहा।इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर स्थित विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद भी किया तथा उनके शैक्षिक स्तर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

# सेना के प्रदीप बने इंदिरा मैराथन के विजेता

प्रयागराज(संवाददाता )। अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन प्रतियोगिता में सेना के प्रदीप सिंह चौहान ने बाजी मार ली है। उत्तराखंड के रहने वाले बिब नंबर 211 चौहान ने 2 घंटे 19 मिनट 58 सेकंड पर 42.195 किलोमीटर की रेस पूरी की। दूसरे स्थान पर प्रतापगढ़ के ज्ञान बाबू रहे। बिब नंबर 165 ज्ञानबाबू ने 2 घंटे 20 मिनट 35 सेकंड में दौड़ पूरी की। इसी तरह तीसरे नंबर पर प्रयागराज के रोहित सरोज रहे। बिब नंबर 344 रोहित ने 2 घंटे 22 मिनट 43 सेकंड में दौड़ पूरी की। इसी तरह महिला वर्ग में हरियाणा की रेनू संधू ने पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र की अश्वनी मदन यादव और महाराष्ट्र की ही ज्योति गावते तीसरे स्थान पर रहीं।पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली 42.195 किलोमीटर लंबी इंदिरा मैराथन रेस प्रतियोगिता शुरू हुई। बुधवार को सुबह 6.30 बजे मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रेस को रवाना किया। आनंद भवन के सामने आयोजित मंच पर पहले उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डीएम मनीष कुमार वर्मा, खेल निदेशक आरपी सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। आनंद भवन से शुरू हुई मैराथन प्रतियोगिता आनंद भवन से निकलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय चौराहा, एलनगंज मार्ग, एनसीसी गेट, आबकारी ऑफिस, ट्रैफिक पुलिस लाइन चौराहा, मेयोहाल चौराहा, एजी ऑफिस चौराहा, इंदिरा गांधी चौराहा, पोलो ग्राउंड, हाईकोर्ट, पत्थर गिरजाघर, हनुमान मंदिर, सीएमपी कॉलेज, बैहराना, नया यमुना पुल, चाका ब्लॉक, दांदूपुर पेट्रोल पंप से होते हुए वापसी में इसी मार्ग से मदन मोहन मालवीय स्टेडियम पहुंचे।प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ी को दो लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया।दूसरा स्थान पाने वाले धावक को एक लाख और तीसरे को 75 हजार रुपये मिला। दौड़ में 500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। इसमें कई राष्ट्रीय स्तर के धावक और एथलीट शामिल हैं। सेना, पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा पुलिस और पीएसी के धावकों के अलावा आम धावक भी हिस्सा लिया। पूरे 42 किलोमीटर रूट पर डायर्जन किया गया था। जगह जगह स्टाल लगाए गए थे। उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, केरल, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, गुजरात, पंजाब, महाराष्ट्र समेत अन्य जगहों से धावक शामिल रहे।

# उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश विषय पर व्याख्यान आयोजित

प्रयागराज(संवाददाता )। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में श्वर्ल्ड फिलासफी डेश के अवसर पर आइक्यूएसी, दर्शनशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र के संयुक्त तत्वावधान में एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दीन दयाल चेयर के प्रो मधुरेंद्र कुमार रहे। व्याख्यान का विषय था श्उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेशश। कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 में वर्णित भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को बताने के साथ ही इसका प्रयोग उच्च शिक्षा में करना था। प्राचार्या प्रो आशिमा घोष ने जीवन दायिनी पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को अपने पाठ्यक्रम में शामिल करके शिक्षा व्यवस्था को और भी समृद्ध बना सकते हैं। प्रो मधुरेंद्र कुमार ने नैक के मूल्यांकन के लिए आवश्यक मानदंडों को बताया। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनेक आयाम हैं जैसे चिकित्सा, संगीत, शिल्प कलाएं, स्थापत्य कला, कूटनीति, धातुकर्म आदि जिनका प्रयोग करके हम अपनी शिक्षा व्यवस्था को और अधिक उपयोगी बना सकते हैं। यह एक पूर्ण मनुष्य का निर्माण करती है। यह प्रज्ञान पर आधारित है। हमारे ग्रंथों में अथाह ज्ञान है जिसका प्रयोग करके बालक का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। यह जीवन के मौलिक प्रश्नों पर विचार करती है। छात्राओं ने अनेक प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को व्यक्त किया।






# सरदार पटेल गृहमंत्री ना होते तो कश्मीर होता पाकिस्तान का हिस्सा : डा. अमित सिंह चौहान

सोहावल–अयोध्या(संवाददाता )। सरदार वल्लभभाई पटेल की याद में निकली यात्रा की अगुवाई करते बीकापुर विधायक डा. अमित सिंह चौहान ने कहा कि अखंड भारत के प्रणेता, राष्ट्रवादी गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल उस समय गृहमंत्री पद पर मौजूद नहीं होते तो जम्मू कश्मीर उस समय पाकिस्तान में हो जाता। लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल के आइडियल रवैया के चलते प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू तथा पाकिस्तान का मंसूबा सफल नहीं हो सका। यह बातें मसौधा के सावित्री मैरिज लाल में भारत रतन लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती समारोह के अवसर पर विधायक डा. अमित सिंह चौहान की अगुवाई में पदयात्रा वर्कशाप से निकलकर हजारों लोगों की भारी भीड़ के साथ सावित्री मैरिज लान पर पहुंच कर सभा के रूप में परिवर्तित हो गयी। लगभग 5000 लोगों की उमड़ी भारी भीड़ को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष पूर्व सांसद बैज नाथ रावत, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू, सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव अनुपम वर्मा धर्मवीर सिंह चौहान शिवपूजन सिंह दिनेश वर्मा राम कृपाल वर्मा मनोज वर्मा ब्लाक प्रमुख सोहावल अनिल कुमार प्रियदर्शी, ब्लाक प्रमख सोहावल, धर्म राज वर्मा,राम चन्दर वर्मा, सुनील वर्मा, आदेश पटेल, गौरव वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक खब्बू तिवारी की अगुवाई में आज गोसाईगंज में निकलेगी एकता यात्रा

अयोध्या(संवाददाता )। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी 'खब्बू' की अगुवाई में एकता यात्रा निकाली जाएगी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पखवारे के तहत भाजपा द्वारा विधानसभा स्तर पर आयोजित की जा रही यात्राओं की श्रृंखला में यह यात्रा शामिल है। यात्रा का समापन तारून में आयोजित जनसभा के साथ होगा, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संजय राय और क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र जनता को संबोधित करेंगे। यात्रा सुबह 10 बजे कुरैया भारी जाना बाजार से आरंभ होगी, जहां सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यात्रा तीन पड़ावों तकमीनगंज, कुंवरपुर और तारून बाजार से होकर गुजरेगी। प्रत्येक पड़ाव पर कार्यकर्ता स्थानीय लोगों से संवाद कर सरदार पटेल के जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाएंगे। यात्रा समापन पर परशुराम वर्मा महाविद्यालय के सामने दोपहर 12 बजे गोदवा बाग में जनसभा होगी।

यात्रा के स्वागत के लिए दर्जनों स्थानों पर मंच, द्वार और स्वागत स्थलों की व्यवस्था की गई है। बुधवार को जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने पदाधिकारियों के साथ यात्रा मार्ग और सभा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा, कि जनसभा और यात्रा को भव्य बनाने के लिए पार्किंग, मंच, पेयजल व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन सहित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। यात्रा में सभी बूथों से सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा, "सरदार पटेल केवल भारत के लौह पुरुष नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक हैं। यह यात्रा उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करने और समाज को राष्ट्रहित में संगठित करने का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसका मार्ग सरदार पटेल ने प्रशस्त किया था। यात्रा को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से तैयारियों में जुटे हुए हैं। निरीक्षण करने वालों में कमला शंकर पाण्डेय, राघवेन्द्र पाण्डेय, फायाराम वर्मा, राम मोहन भारती, प्रेम वर्मा, पतिराज वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों का उपस्थिति रही।

# काके दी हट्टी रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सिविल लाइन नवीन मार्केट के सामने काके दी हट्टी रेस्टोरेंट का उद्घाटन समाजसेवी रामगोपाल गुप्ता ने फीता काटकर किया। संचालक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि सन 1942 से उनके परिवार द्वारा अलग–अलग शहरों में रेस्टोरेंट चलाए जा रहे हैं। पूरी तरह से शुद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट में शुद्ध शाकाहारी व्यंजन एवं भोजन उपलब्ध होगा। फतेहपुर में यह उनका 125 वां रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट की खास बात यह है कि यहां पर तीन फिट की नान लोगों के आकर्षण का केंद्र बिंदु बनेगी। यहां लोग लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि जनपद में बहुत सारे रेस्टोरेंट हैं लेकिन उनके यहां लोगों को लजीज व्यंजनों में कुछ अलग ही स्वाद देखने को मिलेगा, जिससे लोग उनके इस रेस्टोरेंट में बार–बार आएंगे। इस अवसर पर डॉक्टर रवि नाथ गुप्ता, तारक सरकार, डॉ विवेक श्रीवास्तव, डॉक्टर अलका, मनस्वी तिवारी, सुजीत सिन्हा, अमित पांडे, विशाल पांडेय सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारत का स्वाभिमान व अभिमान हैं स्व. इंदिरा गांधी : महेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने एक गोष्ठी कर उनके .तित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें देश का स्वाभिमान बताया।कार्यक्रम में इंदिरा जी की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि हम सदैव उस महिला के ऋणी रहेंगे जिसने भारत को विष्व पटल पर मजबूती के साथ रखा एवं स्वाभिमान और देश को एक सूत्र में पिरोय रखने में अपने प्राणों की आहुति तक दे दी। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने सदैव लोकतंत्र को सर्वोपरी रखा, इमरजेंसी के बाद भी उन्होंने अपनी हार स्वीकार की और आज मोदी को उनसे सीख लेनी चाहिए, परंतु देश को तोड़ने वाले देश जोड़ने की बात कैसे सोच सकते हैं। वरिष्ठ नेता कलीम उल्ला ने कहा कि आज देश उसी आयरन लेडी को याद कर रहा है जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे ने कहा कि आज भारत में लोकतंत्र के साथ हो रहे खिलवाड़ को देख इंदिरा जी की आत्मा कराह रही होगी। आयोजित कार्यक्रम में ही जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में तमाम लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की जिनमें राम प्रकाश बाजपेई, अंकित अवस्थी, संतोष कुमार मिश्रा, राजीव कुमार तिवारी, दिनेश सिंह, कंचन लाल सविता, जगत किशोर मिश्रा, सर्वेश शुक्ला आदि रहे। कार्यक्रम में मणि प्रकाश दुबे, हिदायत उल्ला खां, अनुराग नारायण मिश्र, सुदेश पांडेय, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, फजलुर्रहमान, नसीम अंसारी, शकीला बानो, मो. अकरम काले, वकील खान, हम्माद हुसैन मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों ने बैठक कर प्रयागराज रैली को लेकर की चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की बैठक विद्या भूषण तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि इलाहाबाद में पांच वर्ष के बाद भूतपूर्व सैनिकों की एक रैली होने जा रही है जिसमें पूर्व सैनिकों की सभी प्रकार की समस्याओं का निवारण किया जाएगा। रैली में भारतीय सेना के सभी रिकॉर्ड ऑफिस, वेतन संबंधी कार्यालय के अधिकारी आ रहे हैं जो तत्काल पूर्व सैनिकों की किसी भी प्रकार की समस्या को तुरंत कंप्यूटर द्वारा दूर करेंगे। इसके अलावा सेवा भवन दिल्ली से कई मेजर जनरल, लेटिनेंट जनरल आ रहे हैं जो पूर्व सैनिकों की हर समस्या को सुनेंगे तथा तत्काल निवारण करेंगे। इसके अलावा सेना भवन की ग्रीवेंस सेल भी आ रही है। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने बताया कि जिन पूर्व सैनिकों की मृत्यु हो चुकी है और उनकी विधवा पत्नियों को किसी भी प्रकार की समस्या है या उनको कहीं नौकरी की आवश्यकता है इस हेतु डायरेक्टर जनरल ऑफ रिसेटलमेंट भी आ रहे हैं और उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जनपद से तीन बस क्रमशः पहली बस राधानगर से प्रातः आठ बजे 21 नवंबर को चलकर खुशवंतराय नगर, देवीगंज, हरिहरगंज, कलक्टरगंज, वर्मा चौराहा, पीरनपुर, थरियांव, खागा होते हुए इलाहाबाद मिलिट्री हॉस्पिटल के बगल में रैली स्थल पहुंचेगी। इसी प्रकार दूसरी बस आईटीआई, पटेलनगर, पथरकता चौराहा, सदर अस्पताल, थरियांव, खागा होते हुए इलाहाबाद पहुंचेगी। तृतीय बस नऊवाबाग, तांबेश्वर मंदिर, चित्रांश नगर, थरियांव, खागा होते हुए इलाहाबाद पहुंचेगी। तीनों बस लोधीगंज में एक साथ इकट्ठा होकर इलाहाबाद जाएंगी। इलाहाबाद में पूर्व सैनिकों के लिए नाश्ता भोजन की निशुल्क व्यवस्था है।

# छिवलहा व्यापार मंडल की संयोजक कमेटी गठित

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश की संबद्ध इकाई छिवलहा व्यापार मण्डल के कार्यकाल पूर्ण हो जाने उपरान्त संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने छिवलहा व्यापार मण्डल की संयोजक कमेटी का गठन किया। जिसमें जियाउल हक, लखन लाल साहू, देवेन्द्र कुमार सोनी को मनोनीत किया। माह दिसंबर में छिवलहा व्यापार मण्डल का गठन सुनिश्चित किया जाएगा। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि व्यापारियों के हितों व उनके सम्मान की रक्षा हेतु संगठन वचनबद्ध हैं। जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि जनपद की समस्त इकाइयों का गठन व पुनर्गठन प्रारम्भ कर दिया गया है। माह मार्च तक समस्त इकाइयों का नवीनीकरण सुनिश्चित कर दिया जाएगा। संयोजक जियाउल हक ने कहा कि छिवलहा के समस्त पदाधिकारियों के सहयोग से छिवलहा व्यापार मण्डल का भव्य गठन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रमेश सोनी, जिला महामंत्री विनोद साहू, पुष्कर गुप्ता, पवन गुप्ता, विनय गुप्ता, राजेन्द्र चौरसिया, रामशंकर, महेश गुप्ता, राजेन्द्र चौरसिया, प्रकाश सोनी, सोनू अग्रहरि, महामंत्री शत्रुघ्न साहू, रवि अग्निहोत्री, सत्यम अग्रहरि उपस्थित रहे।

# भाऊराव देवरस व वीरांगना लक्ष्मीबाई का मनाया जन्मोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं भाऊराव देवरस की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह, कार्यक्रम प्रमुख अर्चना गुप्ता एवं श्रेया गुप्ता ने दोनों महान विभूतियों की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्राओं ने उनके व्यक्तित्व एवं .तित्व पर विस्तार से चर्चा की। .ष्णा अग्रहरि, वैशाली, अंकिता सिंह, आयुषी, प्रतिमा सिंह, श्रेया वर्मा, श्रेया सिंह, .ति सिंह, प्रीति मौर्या, ऋषभ, अभिजीत प्रताप सिंह, मरियम, कोमल देवी, शिवांशी केसरवानी, प्रज्ञा सिंह, प्रीति देवी, चाहत, यशी केसरवानी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और अपने अभिव्यक्ति के माध्यम से सभी को मंत्रमुक्त कर दिया। प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि महापुरुषों का जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहा है। हमें उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करके राष्ट्र जीवन को समृद्ध बनाना होगा जिससे भारत विष्व गुरू बनने की ओर अग्रसर होगा। कार्यक्रम की पावन बेला में समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

# न्यायालय ने हथगाम पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के दिए निर्देश

***- अप्राकृतिक शारीरिक संबंध बनाकर जबरन गर्भपात कराने व तीन तलाक दिए जाने का मामला***



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजापुर कस्बा पोस्ट बांदीपुर की रहने वाली एक पीड़ित महिला ने बताया कि उसकी शादी नौ नवंबर 2020 को गांव के ही जुल्फिकार अली के साथ हुई थी, जिसके बाद पति जुल्फिकार अली, ससुर शाकिर अली, जेठ नवाब अली व आबाद अली, जेठानी हसीना उर्फ़ गुड़िया व सबीना तथा नन्द अलकमा अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपए व एक बुलेट मोटरसाइकिल के लिए प्रताड़ित करते थे। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उपरोक्त ससुरालीजन पीड़िता को शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करते थे और पति जुल्फिकार अली उसके साथ बलपूर्वक अप्रा.तिक शारीरिक संबंध बनाता था और जब वह गर्भवती हुई तो उक्त सभी लोग उसका जबरन गर्भपात कराना चाहते थे और पीड़िता के मना करने पर उसको गैर लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करते थे फिर भी गर्भपात के लिए तैयार न होने पर माह नवंबर 2023 में सभी ससुरालीजनों ने मिलकर जबरन गर्भपात की दवा खिला दी जिससे उसका गर्भपात हो गया। साथ ही बताया कि पीड़िता के ससुर शाकिर अली उस पर बुरी नियत रखता था और 23 मार्च 2022 को ससुर ने उसे बुरी नियत से पकड़ कर उसके साथ छेड़खानी की जिसकी शिकायत पीड़िता द्वारा घर वालों से शिकायत किए जाने पर सभी ससुरालीजनों ने उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया। साथ ही पति ने तीन बार तलाक कहकर उसे तलाक दे दिया। पीड़िता ने इस घटना की शिकायत स्थानीय थाना हथगाम में की जहां कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया परंतु उस पर भी कोई कार्रवाई न होने पर अपने वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान और साथी अधिवक्ता शोएब खान के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय कोर्ट नंबर एक मोहम्मद साजिद (सेकंड) ने आवेदिका के विद्वान अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद थानाध्यक्ष हथगाम को प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश जारी किया।

# किसानों के प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेकर करें नियमानुसार कार्रवाई : सीडीओ

***- पीएम किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त के हस्तान्तरण का देखा लाइव प्रसारण***

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। किसान दिवस का मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार किसान दिवस के आयोजन के उपरान्त की 21 वीं किस्त के हस्तान्तरण का उद्बोधन का लाइव प्रसारण अधिकारी अधिकारी ने उप .षि निदेशक को एग्री का व्यापक प्रचार–प्रसार .षकों के मध्य से अपील की गयी कि .षक पराली न को निकटतम गौशालाओं को दो ट्राली गोबर की खाद प्राप्त कर मृदा की सत्र में पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता कराये आयोजन विकास भवन सभागार में मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लाइव प्रसारण एवं प्रधानमंत्री के व .षकगणों के मध्य किया।मुख्य विकास स्टैक योजना, पराली को न जलाने किये जाने के निर्देश दिये गये। .षकों जलाये, .षकों के पास अनुपयोगी पराली पराली दान कर निःशुल्क एक ट्राली उर्वरकता को बढाये। .षकों द्वारा रबी जाने एवं लवकुश द्वारा अपने सोलरपम्प की जली मोटर को बदले जाने की मांग की गयी। भारतीय किसान यूनियन के मलवां ब्लाक अध्यक्ष जय.ष्ण द्विवेदी ने मलवां में धान क्रय केन्द्र की स्थापना की माँग की। सीडीओ ने संबंधित विभागध्यक्षों को .षकों के प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक का संचालन उप .षि निदेशक सत्येंद्र सिंह ने किया। अग्रणी जिला प्रबन्धक गोपाल .ष्णा ने विभागीय संचालित योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में उप .षि निदेशक, जिला .षि अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई अग्रणी जिला प्रबन्धक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला .षि रक्षा अधिकारी, उप सम्भागीय .षि प्रसार अधिकारी, बिन्दकी, भूमि संरक्षण अधिकारी सहित किसान दिवस में सत्यप्रकाश तिवारी, सोनू सिंह गौतम, बजरंग सिंह प्रगतिशील .षक सहित भारी संख्या में कृषकणगण उपस्थित रहे।

# समय सीमा में पूर्ण कराएं पीएम आवास ग्रामीण : सीडीओ

***- पंचायतवार जॉब कार्ड मैपिंग का तेजी से कराया जाए कार्य***



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे वर्ष 2024 की प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे वर्ष 2024 जॉब कार्ड मैपिंग, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2025–26 में आवासों की स्वी.ति एवं प्रथम किस्त जारी करना, वर्ष 2024–25 के अधूरे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पूर्णतः की प्रगति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2025 तक ओरण आवासों को पूर्ण करना, एरिया ऑफिसर एप, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण कन्वर्जेंस आदि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवासों को तय समय सीमा में पूर्ण कराया जाय इसके लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए निगरानी बनाएं रखे। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर सचिवों के माध्यम से पंचायतवार जॉब कार्ड मैपिंग का कार्य तेजी से कराया जाये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में शासन द्वारा निहित सभी कन्वर्जेंस कराए जाय इसके लिए सर्वे कराते हुए जो कन्वर्जेंस शौचालय, विद्युत कनेक्शन, शुद्ध पेयजल आदि शेष है इसके लिए आवेदन कराते हुए पूरा कराया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जो सर्वे हुआ है उसके दिव्यांग, अनुसूचित जनजाति, भूमिहीन (आवास हेतु) का क्रास वेरिफिकेशन कराते हुए रिपोर्ट से अवगत कराए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, एलडीएम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# युवाओं के शामिल होने से ही सामुदायिक स्वास्थ्य का विकास संभव

***- सामुदायिक स्वास्थ्य में युवाओं के योगदान विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता***

न्यूज वाणी ब्यूरो




फतेहपुर। डॉ० भीमराव अंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य डॉ० राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य में युवाओं का योगदान विषय पर सामाजिक सरोकार समिति द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे समाज में सामुदायिक स्वास्थ्य का विकास तभी संभव है जब युवाओं को सक्रिय रूप से इस कार्य में शामिल किया जाए। युवाओं की भागीदारी से स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता अभियान और पोषण संबंधी पहल अधिक सशक्त और व्यापक होती हैं। युवा न केवल अपने बीच सही स्वास्थ्य व्यवहार अपनाते हैं, बल्कि अपने परिवार और समूचे समुदाय को भी स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करते हैं। छात्राओं को ऐसी योजना में भाग लेना चाहिए जो युवाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करें और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य के संरक्षक बनाएं। यही योगदान हमें स्वस्थ और विकसित राष्ट्र की ओर ले जाएगा। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रभारी डॉ० ज़िया तसनीम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन समिति सदस्य डॉ० अनुष्का छौंकर ने किया। कार्यक्रम के संचालन में समिति सदस्य आनंदनाथ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो० शकुंतला, प्रो० लक्ष्मीना भारती, प्रो० प्रशांत द्विवेदी, डॉ० चारू मिश्रा, डॉ० शरदचंद रॉय, डॉ० रमेश सिंह, डॉ० मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ० चंद्र भूषण, डॉ० बृजेश पाल सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली की संशोधित तिथियां जारी

***- संशोधित समय सारिणी के अनुसार किया जाएगा वृहद पुनरीक्षण : रविन्द्र***

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय रविन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यालय की सार्वजनिक सूचना संशोधित करते हुए जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का आयोग द्वारा संशोधित समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण किया जायेगा।

ड्राट नामावलियों की कम्प्यूटरी.त पाण्डुलिपि तैयार करने की कार्रवाई 14 अक्टूबर से 10 दिसंबर तक, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियाँ कराने आदि 11 दिसम्बर से 22 दिसंबर तक, अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन 23 दिसम्बर, आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक, दावे एवं आपत्तियों प्राप्त करना (01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के दावे भी स्वीकार किए जाएगे) 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक, दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 31 दिसम्बर से 06 जनवरी 2026 तक, दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि 07 जनवरी 2026 से 12 जनवरी तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही 13 जनवरी से 29 जनवरी 2026 तक, पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र व स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियों कराने आदि 30 जनवरी, से 05 फरवरी 2026 तक, निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 06 फरवरी, 2026 तक, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण, सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा। निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे। निर्धारित समय–सरिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में समय–सीमा नहीं बढ़ायी जाएगी।

# चाइल्ड राइट्स सप्ताह : प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चाइल्ड राइट्स वीक पर एसबीआई फाउंडेशन व चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया के संयुक्त प्रयास से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतनपुर में एक व्यापक बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों, शिक्षकों और समुदाय में बाल अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा तथा समान अवसरों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करना था।कार्यक्रम के दौरान मैनेजर मृत्युंजय पांडेय ने विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, शोषण से संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं रंगों, शब्दों और विचारों से बच्चों ने दिया जागरूकता का संदेश और अपनी रचनात्मकता एवं समझ को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया एवं एसबीआई फाउंडेशन की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण ने बच्चों में उत्साह, आत्मविश्वास और सीखने की प्रेरणा को और मजबूत किया। चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर मृत्युंजय पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल अधिकारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बच्चे समाज की नींव हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए सुरक्षित, सकारात्मक और अवसरपूर्ण वातावरण देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालय के छात्र–छात्राओं के साथ–साथ शिक्षकगण प्रदीप, समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया एवं इस पहल की सराहना की।

# रचनात्मकता के रंगों से महका डायट, मंच पर छाए शिक्षक



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में बुधवार को कला, क्राट एवं संस्.ति महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। प्राचार्या/उप शिक्षा निदेशक आरती गुप्ता व नोडल प्रभारी मानवेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महोत्सव का उद्देश्य शिक्षकों व प्रशिक्षुओं में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल और भारतीय सांस्.तिक विरासत के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा।चित्रकला, क्राट प्रदर्शनी, वाल पेंटिंग, पपेट शो, अभिनव रंगमंच और लोक–सांस्.तिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। चित्रकला व मूर्ति कला में संध्या गौतम (प्रथम), अवंतिका बाजपेई (द्वितीय), सृष्टि उमराव (तृतीय) रहीं। क्राट में गर्विता सिंह (प्रथम), हनुमंत प्रताप सिंह (द्वितीय), शिप्रा सिंह (तृतीय) ने बाजी मारी। संगीत एवं काव्य पाठ में ज्योति द्विवेदी प्रथम, प्रीति मिश्रा व सुधांशु श्रीवास्तव संयुक्त द्वितीय तथा कमलेश सिंह तृतीय स्थान पर रहे। पपेट प्रतियोगिता में मालिनी श्रीवास्तव प्रथम, रितु केसरवानी द्वितीय और विनय प्रताप सिंह तृतीय रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. रमेश कुमार सोनकर, डॉ. संतोष बिंद व सारिका कुशवाहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्या ने कहा कि ऐसे आयोजन रचनात्मक सोच और प्रस्तुतीकरण कौशल को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता शाइस्ता इकबाल ने किया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। नोडल प्रभारी मानवेन्द्र सिंह ने महोत्सव का सफल समापन कराया।

# पीडीएमसी योजना का लाभ लें समस्त किसान : डा. रमेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला उद्यान अधिकारी डा० रमेश पाठक ने बताया कि विभाग में संचालित पर ड्रॉप मोर कॉप माइकोइरीगेशन योजनान्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई सयंत्र का प्रयोग कर जल, उर्वरक एवं रासायनिक दवाओं की बचत के साथ–साथ कम लागत में फसल का अधिक उत्पादन प्राप्त कर आय में वृद्धि किये जाने का सुझाव दिया गया। योजनान्तर्गत पोर्टेबल, सेमी परमानेन्ट व लार्ज वाल्यूम रेनगन हेतु लघुसीमान्त .षकों को 75 प्रतिशत व अन्य .षकों को 65 प्रतिशत तथा ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर सिचाई सयंत्र हेतु लघुसीमान्त .षकों को 90 प्रतिशत व अन्य .षकों को 80 प्रतिशत का अनुदान देय है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में शासन के निर्देशानुसार एकी.त बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत क्षेत्र विस्तार कार्यक्रमों (फल, शाकभाजी एवं मसाला) अन्तर्गत उन्ही .षकों को चयनित किया जायेगा जिनके द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में पर ड्रॉप मोर कॉप माइकोइरीगेशन (पीडीएमसी) योजना का लाभ लिया गया है या लिया जा रहा है। विगत वर्ष में लाभ लिया गया हो। समस्त .षकों से अपेक्षा है कि पी०डी०एम०सी० योजना का लाभ अवश्य प्राप्त करें ताकि अन्य विभागीय योजनाओ से आपको लाभान्वित किया जा सके। विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय विकास भवन के कमरा सं0 139 में उपस्थित होकर व क्षेत्रीय प्रभारियों, विकास खण्ड हथगांव एवं असोथर के मो०नं0 9140136988, विकास खण्ड अमौली, देवमई व खजुहा के मो0नं0 9919779564, विकास खण्ड तेलियानी, बहुआ एवं ऐराया के मो0नं0 9452073794, विकास खण्ड धाता एवं विजयीपुर के मो0नं0 8756291705 एवं विकास खण्ड मलवा, हस्वा एवं भिटौरा के मो० नं0 7652088495 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# संदिग्ध हालत में जहर खाने से महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कलाना में संदिग्ध परिस्थितियों में 26 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के परिवारीजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार जहानाबाद थाना क्षेत्र के कलाना गांव निवासी विकास सैनी की पत्नी शिवानी देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के भाई इन्द्रजीत ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी 27 नवंबर 2023 में की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर बहन को प्रताड़ित करते थे और मांग पूरी न होते देख उसकी बहन को जबरन जहर पिलाकर मौत के घाट उतार दिया। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतका का मायका हमीरपुर जनपद के थाना बिवांर गांव टिहिर है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )